● जयपुर, मंगलवार, 20 अगस्त 24 ● वर्ष 14 ● अंक 5 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 21 अगस्त के प्रस्तावित भारत बंद के दौरान कानून व्यवस्था का पालन...
पेज @4 तेलमर नदी में डुबने से तीन लोगों की मौत....
पेज @8 चिकित्सा मंत्री स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने अचानक पहुंचे एसएमएस...

### गृहमंत्री ने करी शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

## उदयपुर में विगत दिनों हुई चाकूबाजी की घटना में घायल छात्र देवराज ने तोड़ा दम, तनाव की स्थिति, इंटरनेट बंद

चमकता राजस्थान

**उदयपुर (निसं.)।** उदयपुर में चार दिन पहले चाकूबाजी में घायल हुए छात्र देवराज ने सोमवार को दम तोड़ दिया। चार दिन से डॉक्टर्स की टीम उसके उपचार में लगी हुई थी। मौत की खबर सामने आने के बाद से मौके पर तनाव की स्थिति बन गई है। इसको देखते हुए प्रशासन ने इंटरनेट सेवा बंद कर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। चाकूबाजी की घटना में घायल स्टूडेंट की मौत हो गई है। एमबी अस्पताल में भर्ती छात्र देवराज की दोपहर करीब 3 बजे तबीयत बिगड़ गई थी। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद अस्पताल के बाहर भारी पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया गया। छात्र के शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। छात्र की मौत के बाद अस्पताल के बाहर लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है और नारेबाजी कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इलाज के नाम पर हमें क्यों पागल बनाते रहे। मौके पर तनाव की स्थिति देखते हुए प्रशासन का जब्ता तैनात हो गया है। कलेक्टर अरविंद पोसवाल, एसपी योगेश गोयल, उदयपुर ग्रामीण फूल सिंह मीणा मौके पर मौजूद रहे।



### ● दोपहर को बहनों ने बांधी थी राखी

दोपहर करीब सवा दो बजेजिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल की अनुमति से देवराज की बहन सुहानी और चचेरी बहनों ने अस्पताल जाकर घायल देवहज के राखी बांधी थी। तब तक देवराज की स्थिति ठीक बताई गई थी। भाई को राखी चांधते समय बहनों ने उसकी दीर्घायु की कामना की थी लेकिन कुछ ही घंटों बाद डॉक्टरों की ओर से घायल देवराज को मृत घोषित कर दिया। शाम करीब सवा पांच बजे अस्पताल के अधीक्षक डॉ आरएल सुमन ने देवराज के निधन की पुष्टि की।

### ● इटरनेट सेवा बंद, अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात

शहर में बाजार से लेकर विभिन्न चौराहों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। अफवाहों से शहर को बचाने के लिए नेटबंदी भी बढ़ा दी गई है। रात 10 बजे तक नेट बंद रहेगा। एमबी अस्पताल के चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। वारदात के दिन यहां बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई थी। ऐसे में अस्पताल परिसर में उदयपुर एसपी योगेश गोयल और अन्य अधिकारी खुद सुरक्षा व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सूरजपोल थाना क्षेत्र के भाटियानी चौहटा स्थित आर्य समाज स्कूल के बाहर बीती 16 अगस्त को छात्रों मैं आपसी कहासुनी के बाद चाकूबाजी हो गई थी। दसवीं में पढ़ने वाले छात्र ने अपने सहपाठी पर चाकू से हमला कर दिया था। वारदात को अंजाम देकर वो मौके से फरार हो गया था। हमले में छात्र देवराज गंभीर रूप से घायल हो गया था। हमलावर छात्र का नाम अवान बताया गया था। पायल और हमलावार दोनों ही दसवीं कक्षा के छात्र हैं और आर्य समाज स्कूल में ही पढ़ते हैं।

### ● लोगों ने जमकर किया हंगामा, गृह राज्य मंत्री ने की शांति की अपील

घायल छात्र देवराज की मौत के बाद विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं की ओर से उदयपुर के एमबी आपताल की इमरजेंसी की घेराव किया गया। नाराज लोगों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गृह राज्य मंत्री जवाहर रिह बेडम ने लोगों को चैर्य और शांति बनाए रखने की अपील की गई है। बेडम ने कहा कि यह घटना वाकई बेहद दुखद है। लोगों के गुस्से को देखते हुए मौके पर पुलिस का भारी जाब्ता तैनात किया गया है। शहर के सभी बाजारों में और सभी चौराहों पर पुलिस की टीमें तैनात की गई है। फिलहाल उदयपुर में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद है और चणे चणे पर पुलिस जाब्ता नजर आ रहा है।

### 4 दिन तक गुमराह करते रहने का आरोप

छात्र देवराज की मौत के बाद विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर एकत्रित होने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि पुलिस और प्रशासन की ओर से लगातार चार दिन तक गुमराह किया गया। पिछले तीन चार दिन से यही कहा जा रहा था कि बेहतर इलाज के लिए दिल्ली या जयपुर लेकर जाएंगे। सोमवार दोपहर बाद तक छात्र के ठीक होने के दावे किए जा रहे थे। फिर अचानक शाम पांच बजे घायल छात्र को मृत घोषित किया और उसके शव को मुर्दाघर ले जाया गया। लोगों का कहना है कि अचानक ऐसा क्या हो गया कि छात्र को मृत घोषित कर दिया गया। उधर परिजनों ने हत्या के दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है।

### पीड़ित परिवार के साथ खड़ी सरकार

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेदम ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ भजनलाल सरकार खड़ी है। सरकार अपराधियों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करेगी। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। सीएम भजनलाल खुद मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

### डॉक्टरों ने करी थी दुआओं की अपील

घायल देवराज के उपचार के लिए जयपुर के बाद कोटा से भी डॉक्टर की टीम उपचार के लिए आई है। पूरा मेडिकल बोर्ड उसके उपचार में लगा हुआ है और हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं कि उसकी हालत में जल्द से जल्द से सुधार हो। अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरएल सुमन ने बताया था कि डॉक्टर्स की टीम उपचार में लगी हुई है। छात्र का बीपी बदा हुआ है, इसलिए बीपी का डोज बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि बेहतर उपचार के बावजूद घायल देवराज को हम सब की दुआओं की जरूरत है।

न्यूज अपडेट

### हॉस्टल में छिडकी चूहे भगाने की दवा, 19 छात्रों की तबीयत बिगड़ी, 3 की हालत गंभीर



**बेंगलुरू /एजेंसी।** बेंगलुरु में आदर्श कॉलेज ऑफ नर्सिंग में चूहों को भगाने के लिए दवा का छिड़काव किया गया। इसके बाद 19 स्टूडेंट बीमार पड़ गए, उनमें से तीन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। कर्नाटक पुलिस ने सोमवार को लापरवाही से कीटनाशक का छिड़काव करने के आरोप में छात्रावास प्रबंधन कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

यह घटना रविवार को ज्ञानभारती पुलिस स्टेशन की सीमा में अम्मा आश्रम के पास आदर्श कॉलेज ऑफ नर्सिंग में हुई। 19 स्टूडेंट में से तीन की हालत गंभीर हो गई और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) एस. गिरीश ने कहा कि रविवार रात करीब 9 बजे बीमार पड़े स्टूडेंट में से एक के बयान के आधार पर छात्रावास कर्मचारी मंजे गौड़ा और कई अन्य कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही बरतने और सार्वजनिक स्वास्थ्य को खतरा पैदा करने के आरोप में धारा 286 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत केस दर्ज किया गया।

डीसीपी ने कहा, ज्ञानभारती पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में अम्मा आश्रम के पास आदर्श नर्सिंग कॉलेज के छात्रावास के ग्राउंड फ्लोर जनरेटर पर चूहों को भगाने वाले चूहा एक्स का छिड×काव किया गया था, ताकि चूहों को नुकसान न पहुंचे। छात्रों ने इसे सूंघ लिया, जिससे उन्हें सांस लेने में समस्या होने लगी। कुल 19 छात्र बीमार पड़ गए, और उन्हें तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया।

## महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने का संकल्प लें देशवासी : राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली/एजेंसी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को बधाई संदेश दिया है। राखी के त्योहार पर दिए गए अपने इस महत्वपूर्ण संदेश में राष्ट्रपति ने महिलाओं की सुरक्षा और उनका सम्मान सुनिश्चित किए जाने की बात की है। अपना संदेश साझा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, रक्षा बंधन के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। भाई-बहन के बीच प्रेम और आपसी विश्वास की भावना पर आधारित यह त्योहार, सभी बहन-बेटियों के प्रति स्नेह और सम्मान की भावना का संचार करता है।

इसके आगे महिला सुरक्षा की बात करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मैं चाहूंगी कि इस पर्व के दिन, सभी देशवासी,



हमारे समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने का संकल्प लें। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रक्षाबंधन के इस पावन त्यौहार पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि भाई-बहन के पवित्र बंधन का उत्सव एक ऐसा अवसर है जो एक-दूसरे का समर्थन करने और उन्हें संजोने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पावन अवसर पर, आइए हम महिलाओं की गरिमा और सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हों, एक ऐसा माहौल तैयार करें जहां वे आगे बढ़ सकें और अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर सकें। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पोस्ट में लिखा कि समस्त देशवासियों को रक्षाबंधन के त्यौहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। देश की सभी महिलाओं का मान-सम्मान बढ़े, यही कुदरत से कामना है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा कि भाई-बहन के अटूट प्रेम एवं स्नेह के पर्व, रक्षाबंधन की सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। रक्षा का यह सूत्र आपके इस पावन रिश्ते को सदैव मजबूती के साथ जोड़े रहें।

वहीं, प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी भाई के साथ तस्वीर साझा कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। भाई-बहन का रिश्ता उस फुलवारी की तरह होता है जिसमें सम्मान, प्रेम और आपसी समझदारी की बुनियाद पर अलग-अलग रंगों वाली यादें, संग के किस्से-कहानियां व दोस्ती को और गहरा करने का संकल्प फलता-फूलता है।

वहीं रक्षाबंधन के अवसर पर कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन के पावन पर्व की सभी को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। भाई और बहन के बीच स्नेह और अटूट बंधन के प्रतीक इस पर्व को रक्षा और सुरक्षा के भाव से भी जोड़ कर देखा जाता है। ईश्वर से कामना है कि यह पर्व आपके परिवार के साथ-साथ देश और समाज के लिए भी और अधिक मंगलकारी सिद्ध हो।

### दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्रालय के बाहर मरीजों का इलाज करेंगे डॉक्टर्स, देशभर में प्रोटेस्ट जारी

नई दिल्ली/एजेंसी।

दिल्ली एम्स समेत राष्ट्रीय राजधानी के अन्य अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टरों ने ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या और कोलकाता के आरजी कर अस्पताल पर उपद्रवियों की भीड़ द्वारा किए गए हमले के खिलाफ आज से एक अनोखे 'ओपीडी' विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। दिल्ली एम्स रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने कहा है कि डॉक्टर निर्माण भवन (केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का कार्यालय) के सामने सड़क पर ओपीडी सेवाएं प्रदान करके आज से अपना विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे।

एम्स आरडीए ने अपने बयान में कहा है, 'एक्शन कमेटी फॉर सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट और आरडीए एम्स की जनरल बॉडी के साथ चर्चा की गई, जिसमें सर्वसम्मति से हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया है। इसमें शैक्षणिक गतिविधियों, वैकल्पिक ओपीडी, वार्ड और ओटी सेवाओं, आईसीयू, आपातकालीन प्रक्रियाओं और इमरजेंसी ओटी को रोकना शामिल है. क्योंकि हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। हालांकि, रेजिडेंट डॉक्टर निर्माण भवन के बाहर मरीजों को वैकल्पिक ओपीडी सेवाएं प्रदान करने के लिए उपलब्ध होंगे, साथ ही कहा गया है कि अस्पतालों में आपातकालीन सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है, 'हम देश के हित में और अपनी हिप्पोक्रेटिक ओथ के अनुसार पेशेंट केयर सर्विस को नहीं रोकेंगे। हम देश भर में मेडिकल प्रोफेशनल्स के लिए सुरक्षा की कमी को उजागर करना चाहते हैं। सरकार से हमारी मांग है कि डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सा संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अध्यादेश के जरिए तत्काल सेंट्रल प्रोटेक्श एक्ट लाया जाए। हम सरकार से हमारी याचिका स्वीकार करने का आग्रह कर रहे हैं।

### मिड डे मील के बिस्कुट खाने से 200 से अधिक छात्रों की तबीयत बिगड़ी, मचा हडकंप, 7 की हालत गंभीर

छत्रपति संभाजीनगर/एजेंसी।

महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर जिले के पैठण तालुका के केकट जलगांव जिला परिषद स्कूल के 200 से अधिक छात्र मिड-डे मील के बिस्कुट खाने से बीमार पड़ गए जिनमें से सात की हालत गंभीर होने पर इन्हें दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। छात्रों के बीमार होने से स्कूल में हड़कंप मच गया।

गंभीर सात छात्रों की हालत बिगडने पर उन्हें आगे के इलाज के लिए छत्रपति संभाजीनगर ले जाया गया



और रिपोर्ट बताती है कि अन्य छात्रों की तबीयत भी बिगड़ रही है। यह घटना पैठण तालुका के केकट जलगांव में जिला परिषद स्कूल में हुई जहां शनिवार को छात्रों को बिस्कुट बांटे गए थे।

इन बिस्कुटों को खाने के कुछ ही देर बाद छात्रों की तबीयत बिगडने लगी और उन्हें बुखार होने लगा। सभी प्रभावित छात्रों को पहले पाचोड़ के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की सुबह सात प्रभावित छात्रों की तबीयत बिगड़ गई, जिसके चलते उन्हें इलाज के लिए छत्रपति संभाजीनगर सिविल अस्पताल रेफर किया गया है।

# विभाजन विभीषिका का स्मरण

भीषण त्रासदी और विभाजन की काली रात के बाद स्वतंत्रता का प्रकाश हुआ था। भारत का विभाजन कष्टप्रद था। इसके लिए हिंसा का जो प्रदर्शन हुआ, उसने पूरी मानवता को शर्मशार किया था। इतिहास के इस अप्रिय प्रसंग को भी याद रखने की आवश्यकता है। आज बांग्लादेश में विभाजन विभीषिका के दृश्य देखे जा सकते हैं। मुस्लिम बहुल बांग्लादेश की मुस्लिम बहुल सत्रह करोड़ की आबादी में हिंदू करीब आठ प्रतिशत एक करोड़ पैंतीस लाख हैं। देश की बहुसंख्य हिंदू आबादी परंपरागत रूप से शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की समर्थक रही है और हिंसा में अवामी लीग के समर्थक व कार्यालय हिंसक आंदोलनकारियों के निशाने पर रहे हैं। बांग्लादेश हिंदू, बौद्ध, ईसाई एकता परिषद के अनुसार,देश के चौसठ जिलों में से बावन में हिंदुओं और उनकी संपत्तियों को निशाना बनाया गया। परिषद ने कहा है कि देश में रहने वाले अल्पसंख्यकों की आबादी इस स्थिति से भयग्रस्त है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के कार्यालय ने कहा है कि बांग्लादेश में हिंसा को रोका जाए। बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र हर तरह की नस्लभेदी हिंसा के खिलाफ है, उसकी रोकथाम के तत्काल उपाय किए जाएं। हिंसा के शिकार और भयभीत हजारों बांग्लादेशी हिंदू पड़ोसी देश भारत में प्रवेश के लिए सीमा पर पहुंचे हुए हैं। बांग्लादेश में अराजकता के बीच अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस के प्रवक्ता ने कहा कि हम निश्चित रूप से नस्लीय आधारित हमले या इसके आधार पर हिंसा उकसाने के विरुद्ध खड़े हैं। हिंदू मंदिरों और उनके घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की गई। इस दौरान शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई। नरेंद्र मोदी सरकार ने चौदह अगस्त को विभाजन विभीषका स्मृति दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से कहा कि था विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भेदभाव, वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए प्रेरित करेगा। इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाएं भी मजबूत होंगी। विभाजन की त्रासदी सदियों तक याद रखी जाएगी। यह बीसवीं सदी की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक थी। इस दौरान हुए दंगों में लाखों लोग मारे गए थे। इस लड़ाई में महिलाओं ने सबसे अधिक दर्द झेला। पाकिस्तान में हिंदुओं व सिखों के घरों व जमीनों पर मुसलमानों ने कब्जा कर लिया था। पाकिस्तान छोड़कर भारत चले जाने की नसीहत दी जाती थी। अपनी जमीन छोड़कर ना जाने वालों को मार दिया जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा कि हम आजादी का जश्न मनाते हैं, लेकिन बंटवारे का दर्द आज भी हिंदुस्तान के सीने को छलनी करता है।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस से राष्ट्रीय एकता और अखण्डता सुदृढ़ होगी। सामाजिक सद्भाव बढ़ेगा। देश के बंटवारे से विस्थापित हुए लोगों के संघर्ष और बलिदान की स्मृति में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप आयोजित करने से वर्तमान पीढ़ी को सकारात्मक सन्देश मिलेगा। मानवीय संवेदनाओं को मजबूती मिलेगी। यह भेदभाव, वैमनस्य तथा दुर्भावना को खत्म करने के लिए देशवासियों को प्रेरित करेगा। विभाजन के कारण लाखों लोगों ने हिंसा,अपनों की मृत्यु और विस्थापन की विभीषिका को झेला है। इस संघर्ष में जिन लोगों ने अपना बलिदान दिया, उन्हें याद रखना आवश्यक है। विभाजन विभीषिका स्–मृति दिवस देश के विभाजन का दंश झेलने वाले सभी परिवारों को सच्ची श्रद्धांजलि है। अब देश को विकास की तरफ नहीं बल्की पूर्णता की तरफ जाना है। अर्थात देश के शत–प्रतिशत लोगों तक सुविधाएं व विकास के लाभ को पहुंचाना है। सभी परिवारों को सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए।

अनुच्छेद 370 को हटाने का ऐतिहासिक फैसला, देश को टैक्स के जाल से मुक्ति दिलाने की नई व्यवस्था जीएसटी, देश के जवानों को वन रैंक वन पेंशन, राम जन्मभूमि केस का शांतिपूर्ण समाधान पिछले कुछ दिनों में देश ने सच होते देखा है।देश के अस्सी प्रतिशत से ज्यादा किसान ऐसे हैं। जिनके पास दो हेक्टेयर से भी कम जमीन है। पहले देश में बनी नीतियों में इन छोटे किसानों पर ध्यान नहीं दिया गया। अब इन्हीं छोटे किसानों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्हें सस्ते में सामग्री मिले। आसानी से ऋण मिले और फसलों पर बीमा मिले इस पर जोर दिया जा रहा है।

सड़क से लेकर कार्यस्थल तक महिलाओं में सुरक्षा का एहसास और सम्मान का भाव हो। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खेल को एक्स्ट्रा करिकुलर के बजाय मेनस्ट्रीम बनाया गया है। मातृभाषा की प्राथमिकता पर जोर दिया गया है। शहरों और गांवों के बीच के अंतर को समाप्त करने के लिए वहां तक ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क भी पहुंच रहा है। गांव में कई जगहों पर महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप में शामिल हो कर नए उद्यम कर रही हैं। ऐसी महिलाओं के लिए सरकार ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म बनाने की तैयारी में है। इससे उनके उत्पाद देश के हर कोने तक पहुंच सकेंगे।

# डूबती दिल्ली, मरते लोग, दोषी कौन ?



आर.के.सिन्हा

राजधानी दिल्ली में इस बार मानसून के मौसम में हो रही भारी बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। बारिश के पानी के कारण हो रहे जलभराव में लोग डूब रहे हैं या फिर उनकी पानी में खुली बिजली की तारों से करंट लगने के कारण जानें जा रही हैं। ये हादसे दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार की काहिली और नकारापन की चीख–चीख कर पुष्टि कर रहे हैं। यूं तो हरेक बारिश के मौसम में दिल्ली में जलभराव के कारण लगने वाले लंबे जाम के कारण लाखों लोगों की जिंदगी दूभर हो ही जाती है। पर इस बार बारिश के कारण यहां वहां जमा पानी में लोगों की डूबने के कारण अनेकों जानें भी जा रही हैं। साफ है कि जिन सरकारी एजेंसियों, अफसरों और कर्मियों पर देश की राजधानी को ठीक–ठाक रखने की जिम्मेदारी है, वह अपने दायित्वों को लेकर कतई गंभीर नहीं हैं। इन सरकारी महकमों में कसकर व्याप्त करप्शन भी इस कर्तव्यहीनता का मुख्य कारण है। कुछ दिन पहले देश की संसद भवन से पांचेक किलोमीटर दूर ओल्ड राजेन्द्र नगर में तीन नौजवान तब डूब कर मर गए थे, क्योंकि; वे जिस बेसमेंट में बैठकर पढ़ रहे थे, वहां पानी भर गया था। दिल्ली की मेयर शैली आनंद के क्षेत्र से ओल्ड राजेन्द्र नगर की एक किलोमीटर भी नहीं है। इसके बावजूद वहां इतना बड़ा हादसा हुआ। आम आदमी पार्टी के सांसद ओल्ड राजेन्द्र नगर से दो मिनट की दूरी पर स्थित न्यू राजेन्द्र नगर में रहते हैं। पर उनकी पार्टी ने उनकी भी कोई क्लास नहीं ली। हादसे के लिए मात्र दो–तीन निगम के निम्न वर्गीय कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया। सवाल यह है कि इस हादसे के लिए दिल्ली की मेयर ने अपने पद से इस्तीफा क्यों नहीं दिया? हाल ही में बेल मिलने के बाद दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जी अपनी दिल्ली सरकार के कामकाज की उपलब्धियां गिनवा रहे हैं। पर वे यहां जलभराव के कारण हुई मौतों पर चुप हैं। एक उम्मीद पैदा हुई थी कि ओल्ड राजेन्द्र नगर की भयानक घटना के बाद यहां नगर निगम कायदे से काम करने लगेगा। उस घटना से दिल्ली खासी व्यथित थी। जनता में गुस्सा था। पर नगर निगम का चाल–चरित्र–चेहरा नहीं बदला। राजधानी में लोगों की जाने जाती रहीं, क्योंकि तेजी बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरना जारी रहा और सड़कों पर पैदल चलने वालों की जान पर बन आई। दो बच्चों की करंट लगने और डूबने से मौत हो गई। दिल्ली में इस मानसून में अब तक मरने वालों की अबतक ज्ञात कुल संख्या 33 हो गई है। इतने लोगों की मौत के बावजूद यहां पर सब कुछ सामान्य रफ्तार से चलना साबित करता है कि समाज अब पूरी तरह संवेदनहीन हो चुका है। वह कभी झकभार ही अपनी तीखी प्रतिक्रिया देता है। देखिए, जलवायु संकट




मानसून में अप्रत्याशित पैटर्न पैदा कर रहा है, जिससे छोटे, लेकिन बहुत भारी बारिश के झोंके अब सामान्य से हो गए हैं। इसके लिए ठोस योजना की आवश्यकता है, न कि बाद में किए जाने वाले उपायों की। पर हमारे यहां बदले हुए हालात के अनुसार नहीं चला जाता है। सब काम चालू तरीके से होता है। जाहिर है, इसके बहुत दूरगामी परिणाम झेलने पड़ते हैं। हम अपनी याददास्त को अगर टटोलें, तो पाएंगे कि पर्यावरण में सुधी जनों ने चेतावनी इसलिए ही बहुत पहले ही दी थी। यकीन मानिए हमारे बहुत सारे सरकरी विभागों को लकवा मार गया है। वहां कोई आगे बढ़कर स्वेच्छा से काम करने के लिए तैयार ही नहीं है। जाहिर है, इस मानसिकता के कारण ही बेकसूर लोग मारे जा रहे हैं। यह सब होने के बाद भी सरकारी अफसरों और दिल्ली सरकार के मंत्री किसी भी प्रकार की जवाबदेही के लिए तैयार नहीं हैं। क्यों नहीं उनके खिलाफ सख्त एक्शन होता जिनकी वजह से लोग मारे जा रहे हैं या दिल्ली पानी–पानी हो रही है। अजीब सी स्थिति है कि एक तरफ दिल्ली बारिश के कारण डूब जाती है, दूसरी ओर दिल्ली वालों को पीने का साफ पानी तक नसीब नहीं होता।राजधानी में पानी से जुड़े सारे मामलों को दिल्ली जल बोर्ड देखता है। दिल्ली जल बोर्ड का सर्वाधिक हाल बेहाल है। दिल्ली की आप सरकार के मंत्री और नेता रोज केन्द्र सरकार पर आरोपों की बौछार करने का कोई भी अवसर जाने नहीं देते। वे चिर असंतुष्ट प्राणी हैं। उन्हें सबसे शिकायतें हैं। वह कभी खुद भी अपने गिरेबान में झांक तो लें।


वह खुद कब इस सवाल का जवाब देंगे कि वह दिल्ली को पेयजल के संकट से फलां–फलां तारीख तक उबार देंगे? दिल्ली का मतलब सिर्फ हरे–भरे पेड़ों से लबरेज नई दिल्ली का लुटियन क्षेत्र ही नहीं है। राजधानी का मतलब दक्षिण दिल्ली, उत्तर दिल्ली, पश्चिम दिल्ली या यमुना पार की सभ्रांत आवासीय कॉलोनियां भी नहीं है। दिल्ली के लाखों नागरिक उन अनधिकृत कॉलोनियों, घनी बस्तियों, झुग्गियों में भी जीवन यापन करने के लिए अभिशप्त हैं,जहां पर पीने का पानी मयस्सर नहीं है। जरा सोचिए कि किन हालातों में भीषण गर्मी के मौसम में लोग रहते होंगे। राजधानी के लाखों नागरिकों के घरों में पीने का पानी नहीं आता। यह अभागे हर रोज निजी जल आपूर्तिकताओं अपने दिन भर के से उपयोग के लिये पानी खरीदते हैं। दस लाख की आबादी वाले संगम विहार में दिल्ली जल निगम से पानी की सप्लाई नहीं होती। यह हाल है दिल्ली का।

जल संकट से जूझ रहे दिल्ली में लगभग आधे जल निकायों का अतिक्रमण और अन्य कारणों की वजह से नष्ट हो जाना प्रशासनिक विफलता का संकेत है। दुनिया के सबसे अधिक जल संकट वाले शहरों में से एक, दिल्ली ने आधिकारिक तौर पर सूचीबद्ध अपने लगभग आधे जल स्रोतों को खो दिया है। जिस समय देश आजाद हुआ था, उस समय दिल्ली के 362 गांवों में 1012 तालाब थे। यह सरकारी आंकड़ा है। एक सर्वे में पता चला है कि दिल्ली में दो हजार से अधिक तालाब और बावड़ियाँ होती थी। आबादी बढ़ने और दिल्ली के विकास के साथ अधिकतर तालाब खत्म कर दिए गए। कई तालाबों पर कॉलोनियां बस गई। जो तालाब बचे हैं, उनमें से आधे से अधिक लगभग सूख चुके हैं। इन तालाबों को फिर से जीवित करना होगा। जानकार मानते हैं कि राजधानी में 500 से अधिक तालाब ऐसे हैं जिन्हें बारिश के पानी से पुनर्जीवित किया जा सकता है और बारिश की पानी से दिल्ली को जलमग्न होने से बचाया जा सकता है। बहुत साल पहले पानी–तालाब पर जीवन खपा देने वाले अनुपम मिश्र ने सुझाया था कि यमुना का भी पुनर्जीवन संभव है। अगर यमुना के किनारे वजीराबाद से ओखला के बीच बड़े तालाबों की एक श्रृंखला बनाई जाये। यदि दिल्ली में हमने जल का सही तरह से संरक्षण करना नहीं सीखा तो यहां पर पानी को लेकर भविष्य के दिनों में भारी खून–खराबा होगा। अभी भी बहुत सी अनधिकृत बस्तियों में पानी को लेकर सुबह रोज झगड़े होते हैं। कत्ल तक हो चुके हैं। जल के स्रोत सीमित हैं। नये स्रोत हैं नहीं, ऐसे में जल स्रोतों को संरक्षित रखकर एवं जल को बचाकर ही हम जल संकट का सामना कर सकते हैं। इसके लिये हमें जल के उपयोग में मितव्ययी बनना पड़ेगा। जल प्रबंधन को बेहतर करना होगा। यदि वर्षाजल का समुचित संग्रह हो सके और जल के प्रत्येक बूंद को अनमोल मानकर उसका संरक्षण किया जाये तो जल संकट का समाधान संभव है।

राजधानी में रोज लाखों कारों और दूसरे वाहनों की धुलाई पर बहुत पानी बर्बाद हो जाता है। इस तरफ कोई ध्यान नहीं देता कि इस लिहाज से पानी की बबार्दी कैसे रोकी जाए। दिल्ली को अब जल संरक्षण के मसले पर सेंसटिव होना होगा। अब
पानी के इस्तेमाल में हमें मितव्ययी बनना होगा। छोटे–छोटे उपाय कर जल की बड़ी बचत की जा सकती है। मसलन हम दैनिक जीवन में पानी की बबार्दी कतई न करें। समाज को खुद ही अपने मसले हल करने होंगे। यहां की दिल्ली सरकार से अब कोई उम्मीद करना बेकार है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# संस्कृत की समकालीन प्रासंगिकता



गिरीश्वर मिश्र

ज्ञान की भारतीय परम्परा के स्रोत के रूप में संस्कृत भाषा और साहित्य प्रेरणा और गौरव का विषय है। ज्ञान की साधना को जीवन के क्लेशों से छुटकारा दिलाने के उपाय के रूप में स्थापित करते हुए पुरुषार्थों से मनुष्य जीवन को समग्रता में जीने का प्राविधान किया गया है। इसी से लिए ज्ञान को पवित्र माना गया है न कि दूसरों पर नियंत्रण का जरिया। संस्कृत विद्या के विस्तृत प्रांगण में सृष्टि और मनुष्य जीवन से जुड़े सभी पक्षों को शामिल किया गया है। वेद, वेदांग, उपनिषद, स्मृतियों, पुराणों, महाकाव्यों ही नहीं गणित, ज्योतिष, व्याकरण, योग, आयुर्वेद, वृक्षायुर्वेद, धातु विज्ञान तथा नाना विद्याओं जैसे व्यावहारिक विषयों का विकास विपरीत परिस्थितियों में भी होता रहा। इस ज्ञान–कोष को आक्रांताओं के विद्वेष का सामना करना पड़ा और नालंदा जैसे विश्वविख्यात ज्ञान केंद्र को नष्ट कर दिया गया। वाचिक पद्धति अध्ययन अध्यापन से बहुत कुछ बच गया और उसे अगली पीढ़ी अनेक विषयों के प्रतिपादन में संक्षिप्त, सांकेतिक तथा संयत सूत्र पद्धति का उपयोग किया गया। बादरायण का ब्रह्म सूत्र,आपस्तम्ब का धर्म सूत्र, वात्स्यायन का काम सूत्र, गौतम का न्याय सूत्र, पतंजलि का योग सूत्र और पाणिनिरचित व्याकरण का मानव मेधा का अप्रतिम प्रमाण ह्यअष्टाध्यायीह्व विविध विषयों का व्यवस्थित प्रतिपादन करते हैं। थोड़े से अक्षरों में निबद्ध सूत्र की विशद व्याख्या की जाती है। भाष्य और टीका की परम्परा शुरू हुई। पाणिनि के अष्टाध्यायी के सूत्रों पर कात्यायन ने वार्तिक लिखे। अष्टाध्यायी के अनेकानेक विस्तार हुए और वरदराजाचार्य की लघुकौमुदी, भट्टोजिदीक्षित की सिद्धांतकौमुदी, पतंजलि का महाभाष्य, भर्तृहरि का वाक्यपदीय, नागेश भट्ट का शब्देन्दुशेखर और परिभाषेन्दुशेखर

**संस्कृत दिवस (19 अगस्त) पर विशेष**




आदि व्याख्या ग्रंथ रचे गए। विश्लेषण की गहनता और विचार की स्वाधीनता के ये निकष आज भी स्पृहणीय हैं।दुर्भाग्य से संस्कृत विद्या पर संकुंचित होने का आरोप लगाया जाता है। सत्य यह है भारत के विविध मतों की प्रचुरता है। वह वैचारिक उदारता और सहनशीलता का अनोखा उदाहरण है। अद्वैत, द्वैत, विशिष्टाद्वैत, द्वैताद्वैत, भेदाभेद, शुद्धाद्वैत, अचिंत्य भेदाभेद जैसे विभिन्न रूपों शंकराचार्य, निम्बाकार्चार्य, मध्वाचार्य, रामानुजाचार्य और वल्लभाचार्य आदि के द्वारा वेदांत का प्रतिपादन सृष्टि, जीवन और जगत की समग्र विविध व्याख्याओं को उपस्थित करते हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा के बौद्धिक परिवेश में प्रवेश करने पर ज्ञान के प्रति निश्छल उत्सुकता और अदम्य साहस के प्रमाण पग–पग पर मिलते हैं। इसमें आलोचना और परिष्कार का कार्य भी सतत होता रहा है। सैद्धांतिक अमूर्तन , खंडन–मण्डन की एक पारदर्शी एवं सार्वजनिक विमर्श की व्यवस्था को दशार्ती है। प्रत्येक शास्त्र की विषय वस्तु, उद्देश्य, प्रासंगिकता और इसके जिज्ञासु को सुनिश्चित किया गया था। ज्ञान अबाधित होना चाहिए और छल प्रपंच से रहित होना चाहिए । उसे प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द आदि विभिन्न स्वीकृत प्रमाणों पर जाँच परख कर स्वीकार करना चाहिए। ज्ञानार्जन में श्रवण, मनन और निदिध्यासन का अवलम्बन किया जाता है । संस्कृति के जीवित प्रवाह स्वरूप संस्कृत में उपलब्ध भारतीय मनीषा को प्रतिष्ठित करना मानव कल्याण के लिए आवश्यक है। दुर्भाग्य से संस्कृत को अनुष्ठानों के लिए आरक्षित कर जीवन– संस्कार, पूजन और उद्घाटन से जोड़ दिया गया। हम इस अमूल्य विरासत का मूल्य भूल गए। शिक्षा, परिवार, राज नय , व्यवसाय, वाणिज्य, स्वास्थ्य , प्रकृति, जीवन, जगत और ईश्वर को ले कर उपलब्ध चिन्तन बेमानी रहा । हम नाम तो सुनते रहे पर बिना श्रद्धा के क्योंकि मन में संदेह और दुविधा थी। पश्चिमी सांस्कृतिक और वैज्ञानिक घुसपैठ ने हमारी विश्व दृष्टि को ही बदलना शुरू किया। आज अतिशय भौतिकता और उपभोक्तावाद से सभी त्रस्त हो रहे हैं। भारत में अकादमिक समाजीकरण की जो धारा बही उसमें हमारी सोच परमुखापेक्षी होती गई और हमारे लिये ज्ञान का संदर्भविन्दु पश्चिमी चिन्तन होता गया। ज्ञान के लिये हम परोपजीवी होते गए । हम उन्हीं के सोच का अनुगमन करते रहे । ज्ञान की राजनीति से बेखबर हम नए उन्मेष से वंचित होते गए । पश्चिम के अनुधावन से मौलिकता जाती रही । भारत के शास्त्रीय चिन्तन को समझना और उसका उपयोग सैद्धांतिक विकास व्यावहारिक समाधान में लाभकारी होगा। योग और आयुर्वेद को ले कर जरूर उत्सुकता बढ़ी है पर अन्य क्षेत्र अभी भी उपेक्षित हैं। संस्कृत के लिये अवसर से न केवल ज्ञान के नए आयाम उभरेंगे बल्कि संस्कृति से अपरिचय काम होगा, भ्रम भागेगा और हम स्वयं को पहचान सकेंगे।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# नेता जी की मृत्यु के रहस्य का पटाक्षेप



सर्वजीत झा

(गतांक से आगे)

पइनका देहान्त 18 अगस्त 1945 को हवाई दुर्घटना में हुआ, इस पक्ष में दावा
सर्वप्रथम लॉर्ड माउंटबेटन के नेतृत्व वाली सुप्रीम एलाउड कमांड साउथ ईस्ट एशिया ने ब्रिटिश खुफिया विभाग प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल जे.जी. फिगेस को पूरे मसले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी। इन्होंने छः जापान के अधिकारियों से नेताजी के मौत के सिलसिले में पूछताछ की थी। इसमें जापानी डॉ. तोयोषी तसुरुता एवं नर्स सान पीशा भी शामिल थे। ये दोनों नेमन सैन्य अस्पताल में तैनात थे जहां पर दुर्घटना के बाद नेताजी का इलाज हुआ था। इसके अलावा सभी गवाह चश्मदीद थे। सबों ने 18 अगस्त 1945 की रात नेता जी के मौत की बात कही थी। 25 जुलाई 1946 को जॉन फिगेस ने अपना जांच प्रतिवेदन सौंपा जिसमें 18 अगस्त 1945 को नेताजी की मृत्यु की संपुष्टि की गई थी।

उक्त रिपोर्ट को शायद इस भय से ब्रिटिश सरकार ने सार्वजनिक नहीं किया कि नेताजी की मृत्यु की घोषणा होते ही पुनः इनके उत्तराधिकारी का चयन हो जाएगा और आजाद हिन्द फौज का पुनः गठन मजबूती के साथ हो जायेगा। तब अपने शर्तो पर भारत को विभाजित कर आजाद करना संभव नहीं हो पाएगा।

इस घटना के ढाई महीने बाद पहली दफा आंखों देखा हाल यूनाइटेड प्रेस ऑफ़ अमेरिका के संवाददाता लेसलीनाकर ने बताया कि इन मुसाफिरों में से नेताजी और हबीबुर्रहमान के साथ वह भी थे। जहाज मुश्किल से 300 फीट ऊंचा उड़ा होगा कि तेज आवाज के साथ जहाज का एक पंखा टूट गया। कुछ क्षण के बाद जहाज में आग लगी और जहाज नीचे गिर गया। नेताजी और रहमान चालक के ठीक पीछे बैठे थे। नेताजी के सर पर थोड़ी चोट लगी थी। नेताजी अपने कपड़ों को फाड़ते हुए जहाज से निकल कर भागे। कुछ देर के बाद एक गाड़ी आई और दोनों को उठाकर ले गई। आजादी के बाद आम नागरिकों के दवाब में भारत सरकार ने तीन जांच आयोग बनाए। यथाः

1. 1956 में पहला आयोग – शहनवाज आयोग : इस आयोग में अध्यक्ष जनरल शहनवाज खान , अंडमान निकोबार के आयुक्त एस. एन. मैगा और नेताजी के अग्रज सुरेंद्र चंद्र बोस थे। शहनवाज खान पहले ब्रिटिश फौज में थे और सुभाष बाबू से प्रभावित होकर आजाद हिंद फौज में शामिल हुए थे। इस आयोग ने 18 अगस्त 1945 में ताईवान में हुए हवाई हादसे से बचे सात लोगों से बातचीत भी की थी। सबों ने नेताजी की मौत उसी हवाई हादसे में हुई है, ऐसा कहा था। तथापि, भारत सरकार ने इसे सार्वजनिक नहीं किया।
2. 1970 में दूसरा खोसला आयोग : इसके अध्यक्ष सेवा निवृत न्यायाधीश माननीय जी. डी. खोसला थे। इस दूसरे आयोग के प्रतिवेदन से भी नेताजी का देहांत तिथि 18 अगस्त 1945 की ही पुष्टि होती है। लेकिन 28 अगस्त 1978 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा लोक सभा में बिना बहस के ही इन दोनों कमीशन के रिपोर्ट को खारिज कर दिया गया जो कदापि उचित नहीं समझा जा सकता है।
3. 1998 में तीसरा – मुखर्जी आयोग : वाजपेयी सरकार ने 1998 में कोलकाता उच्च न्यायालय के निर्देश के पश्चात कि नेताजी की मृत्यु के रहस्य की एक बार फिर जांच कराएं , मुखर्जी आयोग का गठन किया। इसके अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मनोज मुखर्जी बनाए गए। मुखर्जी आयोग ने जब अपनी रिपोर्ट सौंपी तो केंद्र में यू.पी.ए. की सरकार बन गई थी , जिन्होंने 17 मई 2006 में इसे खारिज कर दिया। यानी तीनों आयोग का जांच प्रतिवेदन राजनीति एवं पूर्वाग्रह का शिकार हो गया।

इन आयोगों के अलावा नेताजी के साथ जीने या मरने को तैयार रहने वाले कुछ लोग तथा इनके परिवार के कुछ सदस्यों का मंतव्य भी विचारणीय है जो निम्न है :–

गुरु बख्श सिंह ढिल्लन का विश्वास था कि नेताजी की मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई है। 38, एल्गिन रोड पर चलने वाले नेताजी रिसर्च ब्यूरो का कामकाज नेताजी के भतीजा डॉ. शिशिर बोस की पत्नी कृष्णा बोस संभाल रही थीं। ये भी 18 अगस्त 1945 को नेताजी के निधन की बात में विश्वास करती थीं।

कर्नल लक्ष्मी सजगल ने भी सार्वजनिक तौर पर लगातार यही कहा कि 18 अगस्त 1945 की घटना एवं नेताजी की मृत्यु में उन्हें कोई संदेह नहीं है।

नेताजी की बेटी डॉ. अनिता बोस ने भी कहा है कि उन्हें अपने पिता के बारे में कुछ भी ठोस रूप से याद नहीं है क्योंकि उनके जन्म के चार हफ्ते बाद ही ताईवान हवाई हादसे में नेताजी की कथित रूप में मौत हो गई थी।

नेताजी के एक करीबी रिश्तेदार और पत्रकार आशीष दे ने रूसी राजदूत अनातोली दुकोंव की मौजूदगी में इस बात का खण्डन किया कि विमान दुर्घटना में नेताजी का निधन नहीं हुआ था बल्कि वह बच गए और तत्कालीन सोवियत संघ चले गए। इनका भी मानना था कि नेताजी का देहांत 18 अगस्त 1945 को ही हुआ था, क्योंकि रूस के विदेश मंत्रालय ने प्रतिवेदित किया है कि सेंटर आर्चिवल कलेक्शन ऑफ द फेडरल सिक्युरिटी सर्विस ऑफ एशिया और रसियन सेंटर फॉर रटेशन एंड वर्सुअल ऑफ डॉक्यूमेंट ऑफ मॉडर्न हिस्ट्री ने इस बारे में जांच –पड़ताल कर प्रतिवेदन दिया है कि 1945 और इसके बाद के वर्षो में कभी भी नेताजी रूस नहीं आए थे।

दिल्ली के लाल किला कर्नल हबीबुर्रहमान की मुलाकात नेहरू जी से हुई। उन्होंने सुभाष बाबू की घड़ी जिसका पट्टा जला था और अधजली बेल्ट नेहरू जी को दिए थे जो बाद में नेहरू जी ने सुभाष बाबू के बड़े भाई शरत चंद्र बोस को दे दी थी।

ब्रिटिश सरकार द्वारा हत्या की साजिश का दावा करने वाले आयरिश इतिहासकार का मानना है कि नेताजी की मौत विमान दुर्घटना में ही हुई थी।

एक अन्य इतिहासकार हैलपिन ने भी ऐसा ही लिखा है।

ब्रिटेन के सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम के तहत महाराष्ट्र टाइम्स के पूर्व संपादक गोविंद तलवलकर को प्राप्त जानकारी भी नेताजी की मौत 18 अगस्त 1945 को, की पुष्टि करती है।

इतिहासकार डॉ. सुनील माधव पाठक, प्रो. डी. एल. ओझा वगैरह का मत है कि सुभाष बाबू अत्यंत प्रखर बुद्धि एवं तेजस्विता से भरे थे। उनका देश से प्रेम अत्यंत प्रगाढ़ था। इसलिए ऐसे देश प्रेमी का छिपना, सन्यासी हो जाना अथवा अज्ञातवास में रहना कतई विश्वसनीय प्रतीत नहीं होता है।

आनंद मोहन सहाय और इनकी बेटी आशा भारती जो नेताजी के घनिष्ठतम में से थे, का भी आत्मीय विश्वास है कि प्लेन क्रैश में नेताजी का निधन हो गया है।

अखिल भारतीय स्वाधीनता सैनिक संगठन के अध्यक्ष श्री शीलभद्र याजी की अध्यक्षता में दिल्ली में हुई बैठक में एक प्रस्ताव पास कर कहा गया है कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि 18 अगस्त 1945 को ताईवान के ताईहोकू नामक स्थान पर एक विमान दुर्घटना में नेताजी की दुखद मृत्यु हो गई थी।

डॉ. विजय कुमार उपाध्याय ने कादम्बिनी के 1995 अक्तूबर अंक में लिखे अपने आलेख "नेताजी के जीवन के अंतिम कुछ वर्ष" में भी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने एवं नेताजी की मृत्यु की बात मानी है। 22 अगस्त को टोकियो रेडियो ने ऐलान किया कि 18 अगस्त 1945 को जापान जाते हुए फोर मोसा में एक वायु दुर्घटना में सुभाष चंद्र बोस का निधन हो गया।

कुछ दिनों बाद नेशनल हेराल्ड में एक खबर छपी जिसमें चमड़े के बोरे का एक चित्र छपा और यह बताया गया कि इसमें नेताजी का मृत शरीर है। जिस मंदिर में नेताजी के लिए प्रार्थना की गई उसका फोटो और दुर्घटना ग्रस्त जहाज का भी चित्र साथ में प्रकाशित किया गया।


सन 1956 की फाइल संख्या 1852– 6 के दस्तावेज (हहहु,री–।ँङ्ग३ू्लाङ्ग) री स्पष्ट है कि इनकी मृत्यु 18 अगस्त 1945 को ही हुई। ताईवान के अधिकारी तानतीती ने अंतिम संस्कार संस्कार के लिए प्रमुख सी.के. येन का नेताजी के मौत से संबंधित विस्तृत पुलिस रिपोर्ट जून 1956 को ब्रिटिश सरकार को भेजा था। 21 अगस्त को जापानी अधिकारी ने मृत्यु प्रमाण पत्र दिया था।

नेताजी से संबंधित कुछ फाइल के सार्वजनिक होने एवं तीनों आयोगों के अलावा 1946 में ब्रिटिश खुफिया फिगेंस के रिपोर्ट एवं उपरोक्त वर्णित सार तथ्यों के विवेचन से दुनिया का कोई भी न्यायालय स्पष्ट और बिना किसी संदेह के फैसला सुनाता कि नेताजी की मृत्यु 18 अगस्त 1945 को ही हुई है। ख्यातिप्राप्त सेवानिवृत न्यायाधीश श्री शिवपाल सिंह भी कहते हैं कि यह भी विधि का सिद्धांत है कि यदि कोई व्यक्ति सात सालों से नहीं दिखे तो उस लापता व्यक्ति की सिविल डेथ मान ली जाती है ' ब्रिटिश सरकार के अलावा भारत सरकार ने भी आजाद हिन्द फौज का पुनः गठन ना हो जाए इस भय से या भारत के तत्कालीन विदेश नीति को ध्यान में रखकर अथवा नेताजी इतिहास में हीरो ना बन जाएं इसलिए इस रहस्य को रहस्य ही रहने दिया।

**(लेखक श्री सर्वजीत झा 'अंतेवासी' लिखित शोधपरक पुस्तक 'नेता जी के सपने : कितने अपने' से साभार।)**

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व आईएएस राजेश्वर सिंह ने दिया दस लाख जनसंख्या पर जिला बनाने का सुझाव



**चमकता राजस्थान। जयपुर 19 अगस्त ।** पूर्व वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक अधिकारी राजेश्वर सिंह ने राजस्थान सरकार को सुझाव देते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि दो लाख जनसंख्या पर सबडिवीज़न और दस लाख जनसंख्या पर ज़िला बनना चाहिए।सबडिवीज़न में भी एसडीओ और एसडीएम के पदों का पृथक्करण हो।उपखण्ड अधिकारी राजस्व मामलों के लिए व उपखण्ड मजिस्ट्रेट क़ानून व्यवस्था, प्रोटोकॉल, चुनाव , जनगणना इत्यादि के लिए ज़म्मिेदार हो।एसीएम का पद समाप्त हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान उपखण्ड अधिकारी के पास कोर्ट में बैठने के लिए समय ही नहीं है।

### त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थो के लिए नमूने



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** धौलपुर, 19 अगस्त 24 को रक्षाबंधन के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार विगत 16 अगस्त से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर रक्षाबंधन के त्यौहार पर भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंती लाल मीणा द्वारा गठित टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुए राजाखेड़ा से तीन नमूने धनिए, सूजी एवं बुरा के, मनिया से घेवर एवं बर्फी के नमूने, धौलपुर से बेसन एवं सूजी के नमूने लिए। इसके अतिरिक्त राजाखेड़ा के डिडवार गांव से राम भरोसी खोवा प्लांट से मिश्रित दूध , मावा, क्रीम और घी के नमूने लिए गए हैं। लिए गए नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा हैं!जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सुरक्षात्मक कारणों से 20 अगस्त को सायं 5 बजे से जिले में शराब की दुकानें रहेंगी बंद चमकता राजस्थान



**चमकता राजस्थान/धौलपुर( रामदास तरुण)।** उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आरक्षण के संबंध में दिये गये निर्णय के विरूद्ध उक्त वर्गों के विभिन्न संगठनो द्वारा दिनांक :-21 अगस्त को प्रस्तावित भारत बंद के संबंध में जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट एवं कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने एक आदेश जारी कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अन्तर्गत जारी निर्देशानुसार के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी धौलपुर को निर्देश दिये हैं! कि जिले में 20 अगस्त को सायं 5.00 बजे से 21 अगस्त को दोपहर 1.00 बजे तक जिले के समस्त देशी/अंग्रेजी शराब की दुकानें बंद रखी जायें।

### मप्र से चुराई तूफान क्रूजर ,गंगधार पुलिस ने पकड़ी



**चमकता राजस्थान /रमेश मोदी/चौमहला /झालावाड़।** गंगधार पुलिस ने नियमित गश्त के दौरान गश्ती पुलिस टीम ने मप्र के गरोठ थाना क्षेत्र से चुराकर ला रहे ,तूफान क्रूज़र गाड़ी मय चालक के जप्त की। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि रविवार रात्रि को गंगधार पुलिस की गश्ती टीम कालूराम हेड कास्टेबिल के साथ नियमित गश्त पर थे तभी एक तूफान क्रूज़र गाड़ी क्रमांक स्र 14 BD 0428 आती देख उसे रोकने की कोशिश की तो चालक पुलिस को देखकर गाड़ी भगा लेगया तब पुलिस के पीछा करने पर सत्यनारायण मंदिर चौमहला के पास गाड़ी पलट गई , मौके से चालक कृपाल लाल पुत्र जलनिया जाती कंजर 23 निवासी मुंडला थाना क्षेत्र गंगधार डिटेन कर पूछताछ करने पर कोई संतोष जनक जवाब नही दे सका और न ही कोई कागजात पेश कर सका ,गाड़ी चोरी की होने का संदेह होने पर धारा 106 बी ए न एसएस 2023 के अंतर्गत जप्त की गई ,चालक को गिरफ्तार कर थाने लाकर विस्तृत पूछताछ की तो उक्त वाहन गरोठ थाना क्षेत्र मप्र से चुराकर लाना बताया ,जिस पर थाना गरोठ को जप्त शुदा वाहन की सूचना दी गई उक्त कार्यवाही में गठित टीम थाना प्रभारी नंद किशोर वर्मा के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल कालूराम ,चालक रमेश चंद्र ,मुकेश सी टी शामिल रहे।

# 21 अगस्त के प्रस्तावित भारत बंद के दौरान कानून व्यवस्था का पालन कर सजगता और समन्वय से कार्य करें: मुख्य सचिव

## सीएस और डीजीपी ने सभी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से फीडबैक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** गत दिनों माननीय सर्वोच्य न्यायालय द्वारा एससी/एसटी आरक्षण के सम्बंध में दिए गये निर्णय के सम्बंध में कुछ संगठनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से आव्हान कर आगामी 21 अगस्त को भारत बंद का आव्हान किया है। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने इस बंद के दौरान राज्य में कानून व्यवस्था, शांति व यातायात की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए की गई व्यवस्था की सोमवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में समीक्षा कर आवशयक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में एसीएस (होम) आनन्द कुमार, पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू, पुलिस महानिदेशक (इंटेलीजेंस) संजय अग्रवाल, एडीजी (कानून व्यवस्था) विशाल बंसल, गृह सचिव रश्मि गुप्ता उपस्थित रहे। मुख्य सचिवा और डीजीपी ने वीसी के माध्यम से रेंज आईजी, सम्भागीय आयुक्त,एसपी, कलेक्टर्स से फीडबैक लिया।मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि बंद के आयोजकों के निरन्तर सम्पर्क में रहें तथा जुलूस के रूट, बंद में शामिल लोगों की संख्या, कितने बजे जुलूस कहाँ पहुंचेगा आदि जानकारी सम्बंधित अधिकारियों से साझा करें। व्यापार मंडल, शांति समितियों के प्रतिनिधियों से निरन्तर बातचीत करें।महापुरूषों की मूर्तियों, रेल व बस स्टेशनों के पास पर्याप्त जाब्ता रखे। क्षेत्र में कोई मेला, उत्सव आयोजित हो रहा है तो वहाँ भी पुलिस फोर्स की पर्याप्त तैनाती रखें। कार्यपालक मजिस्ट्रेटों की समय पर नियुक्ति कर उन्हें पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध करवा दें। सभी सम्भाग और जिलों से वीसी के माध्यम से शामिल अधिकारियों ने फीडबैक में बताया कि इंटेलीजेंस के माध्यम से पल-पल सूचना जुटाकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ साझा की जा रही है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखें अफवाह फैलाने और भड़काने वाली पोस्ट डालने, शेयर करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई करें तथा गलत तथ्य का सोशल मीडिया एवं प्रिंट इलैक्ट्रॉनिक मीडिया में खंडन जारी करें।

## सार्वजनिक निर्माण विभाग में डीपीसी होने के बाद नई पोस्टिंग का इंतज़ार कर रहे अभियंता

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंताओं की डीपीसी हुए लगभग एक माह हो चुका है लेकिन अब तक उन्हें नई पोस्टिंग नहीं दी गई है, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता से मुख्य अभियंता बने विजय कुमार वर्मा की तो इसी माह सेवानिवृत्ति हो जाएगी ! अभियंताओं में रोष व्याप्त है कि हमें कब नई पोस्टिंग मिलेगी जिससे हम अपना कार्यभार संभाल सके ,कई पदों पर तो पिछली कांग्रेस सरकार में नियुक्त अफ़सर ही इन मलाईदार पदों का फ़ायदा उठा रहे हैं !

विभाग में चर्चा यह भी है कि एक मुख्य अभियन्ता द्वारा दूसरे मुख्य अभियंता की पोस्टिंग रुकवाने के चक्कर में यह देरी हो रही है।

## उपभोक्ता केयर अभियान के अंतर्गत टीम ने की बहरोड में छापा मारी



**चमकता राजस्थान।** कोटपूतली- बहरोड, दिनांक 19 अगस्त 2024 को उपभोक्ता केअर अभियान के तहत श्रीमान नियंत्रक , विधिक माप विज्ञान जयपुर के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में रसद एवं विधिक माप विज्ञान की सयुंक्त टीम द्वारा रक्षाबंधन एवं जन्माष्ठमी त्योहार के मद्देनजर बहरोड़ शहर की हल्दीराम मनुफैक्टरिंग स्र५३ '३र्,श्री जोधपुर स्वीट होम , बीकानेर मिस्ठान भंडार , कान्हा क्वालिटी ड्राई फ्रूट एवं रिलायंस रिटेल 'ड्ढ इत्यादि मिठाई एवं रिटेल की दुकानों की जांच की गई जिसमे डब्बे के वजन , सही तौल , प्रमाण पत्र सहज स्थान परप्रदर्शित करने एवं पैकेजिंग नियम के अनुसार विक्रय करने के निर्देश दिए गए। बीकानेर मिष्टान भंडार पर डब्बा सहित मिठाई तोलने पर सही वजन न देने ,कान्हा क्वालिटी ड्राई फ्रूट पर असत्यापित मशीन एवं रिलायंस रिटेल लिमिटिड पर सत्यापन प्रमाण पत्र सहज स्थान पर प्रदर्शित न होने पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई ।

### विश्व फोटोग्राफी दिवस

## फोटोग्राफर्स के बेस्ट मोमेंट देखकर रोटेरियन हुए रोमांचित

चमकता राजस्थान



**जयपुर 19 अगस्त ।** विश्व फोटोग्राफी दिवस उन सभी फोटोग्राफर को समर्पित है जिन्होंने अपनी कला से दुनिया की खूबसूरती को कैमरे में कैद किया। इस कला को अपना पैशन बनाया और अपने कैमरे से बेहतरीन तस्वीर खींचकर लोगों को अपने हुनर से अचंभित किया। जो लोग अपनी बात शब्दों के जरिए नहीं कर सकते उनके लिए फोटोग्राफी बहुत अच्छा विकल्प है ।यह कहना है रोटरी क्लब जयपुर के अध्यक्ष गिरधर माहेश्वरी का। रोटरी क्लब जयपुर की ओर से आयोजित विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर रोटरी सभागार में राज्य के वरिष्ठ छायाकार अजय सोलोमन तथा राम सिंह चौहान को उनके उत्कृष्ट फोटो पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष गिरधर माहेश्वरी रोटेरियन प्रशांत पाल, शांतिलाल गंगवाल , आर के शर्मा, जे डी माथुर,मोजेज फिलोमन,उजास जैन ने सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र ,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये। कार्यक्रम संयोजक पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सिंह राजावत ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ फोटोग्राफर सुरेन्द्र जैन पारस ,भागीरथ ब्रेसनेट और राकेश शर्मा राजदीप का स्लाइड शो हुआ। जिसमें बेस्ट मोमेंट के फोटो प्रदर्शित किए गए जिन्हें देखकर रोटेरियन रोमांचित हो गये।। कार्यक्रम का संचालन शिल्पा बेन्द्रे ने किया । रोटेरियन नवीन कोठारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### उप कारागृह बहरोड़ में मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



**चमकता राजस्थान। बहरोड़!** बहरोड़ मुख्यालय पर स्थित उप कारागृह में हर वर्ष की भाती रक्षाबंधन बड़ी सुरक्षा के बीच धूमधाम से मनाया।इस दौरान बंदियों की बहनों द्वारा बंदी भाईयो के रांखी बांध कर और मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन मनाया बंदी ओर बहनों की आंखे नम रही बंदियों ने भविष्य में सही रास्ते पर चलने का वचन दिया। जेल प्रशासन द्वारा इस त्यौहार के लिए विशेष प्रबंध किए गए। इस दौरान जेलर कालूराममीना ,जगमाल,अविनाश विक्रम, नवीन, प्रियंका समस्त स्टाप मौजूद रहा।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया को बाँधी राखी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास पर भाई- बहन के अगाध प्रेम का प्रतीक रक्षासूत्र बाँधकर शुभकामनाएँ प्रेषित की । वही उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को भी राखी बाँधी





### कमेटी ने सर्वसम्मति से मेला के सफल आयोजन हेतु लिए अहम निर्णय

# श्री बाबू महाराज का लक्खी मेला 5 सितंबर को लगेगा

चमकता राजस्थान




**धौलपुर( रामदास तरुण)।** बाडी 19 अगस्त हम सभी के आराध्य देव श्री बाबू महाराज का लक्खी मेला हर वर्ष भादो महीने की दौज को लगता है ।श्री बाबू महाराज सेवा समिति, समाज के पंच-पटेल एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में गत रविवार को श्री बाबू महाराज मंदिर थूम कुदिन्ना में बैठक आयोजित हुई! जिसमें सर्वसम्मति से बाबू दौज 5 सितंबर को मनाने का निर्णय लिया गया। साथ में ही मेला परिसर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए चार्ट दुकानदारों से अपनी दुकान के पास डस्टबिन रखने की अनिवार्यता सुनिश्चित की तथा सभी भक्तगणों से मेले की मर्यादा को बनाए रखने के लिए मेला परिषर में डीजे साउंड नहीं बजाने में मांग की।

बैठक में पुलिस प्रशासन की ओर से हवलदार मोहन सिंह और वीर सिंह गुर्जर शामिल हुए!जिन्होंने श्री बाबू महाराज सेवा समिति से मेला के सफल आयोजन कराने में पुलिस प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग करवाने का आश्वासन दिया। इस बार बैठक में बहुत अधिक संख्या में पंच-पटेल एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए! जिनमें मेले को लेकर काफी उत्साह का माहौल देखा गया।

**● कमेटी ने बैठक में व्यवस्थाओं की सौंपी जिम्मेदारी**

बैठक में मेला आयोजन से संबंधित सभी कार्यों की जिम्मेदारी मेला कमेटी, देवसेना पदाधिकारी एवं अन्य कार्यकर्ताओं के बीच सुनिश्चित की जिसमें कुदिन्ना गांव के लगभग हर घर से एक सदस्य को मेले में सहयोग करने के लिए वॉलिंटियर्स के रूप में नियुक्त किया गया। इस दौरान मौजूद सभी ने अपनी जिम्मेदारी लेकर निष्ठा से कार्य करने की बात कही।

**● कांवड़ियों से पड़वा तक कांवड़ चढ़ाने की अपील**

बैठक में मेला की व्यवस्थित और संयोजित आयोजन करने को लेकर सभी कावड़ियों से अपनी कांवड़ पड़वा तक चढ़ाने की अपील की है। बैठक के दौरान रविंद्र गिरी महाराज, मेला कमेटी अध्यक्ष मास्टर भगवान सिंह गुर्जर, लाल सिंह भगत, देवी सिंह भगत, डॉ. शिवदयाल मंगल, रमेश सरपंच, भरोशी सरपंच, राम मुकुट गुर्जर, शीशराम गुर्जर, वीरेंद्र पटवारी, शंकर लाल, सुल्तान सिंह, प्रेम सिंह पोसवाल, हरि सिंह अध्यापक, सरनामसिंह मास्टर, रघुवर दयाल, रामेश्वर सरपंच, भरतसिंह मगजीपुरा, दशरथसिंह मुगलपुरा, विशाल नगर, कप्तान सिंह, मोनू बैसला, देशराज कंसाना, भत्ता बाबा, भूरी, रवि गुर्जर, राम पूजन सरपंच, योगेंद्र, सूरजभान, लल्ला सरपंच, सुरेश, बनवारी, ज्वानसिंह आदि पंच-पटेल व देवसेना पदाधिकारी मौजूद थे।

# संक्षिप्त खबरें

## 21 किलो गांजा के साथ एक नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले बंजरिया थाना पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर चोरी की कार में लदे गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार तस्कर नेपाल के वीरगंज निवासी मो. वहाब बताया गया है।बंजरिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से गांजा की तस्करी कर लाया जा रहा है।सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सिंघिया गुमटी ओवरब्रीज के समीप कार को रोक कर तलाशी ली गयी।इस दौरान कार से 21.400 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसके बाद तस्कर को गिरफ्तार किया गया। साथ ही जांच में पाया गया कि तस्करी में प्रयुक्त कार चोरी की है। वही पूछताछ के दौरान गिरफ्तार तस्कर ने कई अहम खुलासे किए हैं। इसके आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## शराब कारोबारी का पीछा कर रही पुलिस स्कार्पियो पलटी,चौकीदार की मौत

**पूर्वी चंपारण।** गोपालगंज जिले के मोहम्मदपर थाना क्षेत्र मे शराब तस्करो को रोके जाने बाद चौकीदार को ठोकर मार कर भागते पिकअप सवार तस्करो का पीछा कर रही पुलिस का स्कार्पियो जिले के डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के यादव लाइन होटल के पास रविवार को डिवाइडर से टकराकर गाड़ी पलट गई जिसमें दो चौकीदार व एक एएसआई घायल हो गए। घटना की सूचना पर डुमरियाघाट थाना पुलिस मौके पर पहुची और घायलो को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। इस बीच एक चौकीदार की मौत हो गईं। मृतक चौकीदार धर्मेंद्र कुमार बताया गया है। वही स्कार्पियो पर सवार एसआई मोहन कुमार निराला व एक और चौकीदार घायल है। इस मामले में महमदपुर थाने के सब इंसपेक्टर संजीत कुमार ने डुमरियाघाट थाने में आवेदन देते हुए घटना की सूचना दी है और इस मामले प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिसमे बताया गया है कि गोपालगंज जिले के महम्मदपुर थाना अंतर्गत खोरमपुर चौक पर पुलिस वाहन जांच कर रही थी। इस बीच एक तेज रफ्तार से आ रही पिकअप को पुलिस ने रुकवाने का प्रयास किया पर वह चौकीदार को कुचलते हुए भाग निकला ,जो काफी तेज गति से खोरमपुर चौक पर चौकीदार को ठोकर मारते हुए भागा।इस बाबत चकिया डीएसपी सतेंद्र कुमार सिह ने बताया है कि इस मामले में सन्हा दर्ज किया गया है और गोपालगंज पुलिस को आवश्यक सहयोग किया जा रहा है।

## निरंकारी मिशन परमात्मा का साक्षात्कार कराता है :माता सुदिच्छा महाराज

**पश्चिम चंपारण(बगहा)।** संत निरंकारी मिशन दिल्ली 9 से सतगुरु माता सुदिच्छा महाराज के पूर्ण संदेश वाहक केंद्रीय प्रचारक कांता महेंद्रू पटना जोन नंबर 50 के पश्चिम चम्पारण जिला में 16 अगस्त से 18 अगस्त तक बेतिया, बगहा, वाल्मीकि नगर , नरकटियागंज और नवलपुर शाखा में निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन परमात्मा का साक्षात्कार कराता है। उक्त आशय की जानकारी मीडिया सहायक सुनील कुमार उपाध्याय संत निरंकारी मिशन पश्चिम चम्पारण बिहार ने दी है। माता सदिच्छा ने अपने सम्बोधन में कहा है कि संसार में विश्वबंधु तत्व के स्थापना के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है ' इंसान के बीच की दूरी मिटाता है। जात - पात , उच्च- नीच, छोटा-बड़ा, अमीर - गरीब कला-गोरा का भेद भाव मिटाता है। सारा संसार परमात्मा का ही रूप है। सारी सृष्टि परमात्मा के गोद में खेल रही है, उन्होंने तीन दिवसीय कार्यक्रम में करीब तीन हजार जिज्ञासु को परमात्मा का साक्षात्कार कराया उनके साथ आए कर्मयोगी संत जगत सिंह देहली मीना देवी और आशा देवी आगरा ने अपने भजन भाव से श्रोता गण को खूब झूमा। बेतिया पश्चिम चम्पारण जिला के संयोजक भगवती प्रसाद ने आए हुए संत महात्मा का आभार प्रकट किया। सभी शाखा बेतिया, बगहा, वाल्मीकिनगर, नरकटियागंज और नवलपुर के मुखी मनोज ड्रॉलिया, धीरेन्द्र प्रसाद महतो, विपिन प्रसाद, कमलेश प्रसाद सभी ने अपने भाव प्रकट किया।

## ट्रक से कुचलकर अधेड महिला की मौत

**बिहारशरीफ।** गिरियक थानाक्षेत्र के गिरियक बाजार के समीप सोमवार की सुबह ट्रक से कुचलकर एक अधेड महिला की मौत हो गयी।मृतिका की पहचान सिलाव थानाक्षेत्र के गोरवां गांव निवासी राजु केवट 50 वर्षीय रेखा देवी के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि उक्त महिला अपने भाई को राखी बांधने मैके आयी थी जहां गिरियक बाजार के समीप सडक पार करने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने बुरी तरह कुचल दिया जिससे महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना की जानकारी जब परिजनो को दी गयी तो परिजन मुआवजे की मांग को लेकर बिहारशरीफ- नवादा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया ।घटनाक्रम की सूचना मिलते ही गिरियक थाना पुलिस घटनास्थल पर जाकर लोंगों को समझा बुझाकर सडक जाम समाप्त कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है।

# तेलमर नदी में डुबने से तीन लोग की मौत

एजेंसी



**बिहारशरीफ।** हरनौत थानाक्षेत्र के तेलमर नदी में सोमवार की सुबह नहाने के दौरान दो बच्ची की मौत हो गयी । मृतक कि पहचान तेलमर गांव निवासी राजु पासवान की आठ वर्षीय पूत्री व्युटी कुमारी और चंदन पासवान की दस वर्षीय पूत्री काजल कुमारी के रूप में की गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनो बच्ची शौच के बाद नदी में नहाने लगी जहां गहरे पानी में चली गयी जिसमें दोनों डुब गयी। घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर जाकर नदी में खोजबीन शुरू किया तो दोनों बच्चियों का कोई सुराग नही मिला। अंत में पंचायत विकास मित्र के द्वारा घटना की जानकारी एनडी आर एफ टीम को दिया गया। हरनौत अंचल से एनडी आर एफ की टीम की खोज से पांच घंटे के बाद शव को वरामद किया गया और हरनौत पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है। दूसरी घटना सरमेरा थानाक्षेत्र के सोनामा गांव की है जहां नहर पार करने के दौरान एक युवक गहरे पानी में चला गया जहां डुबनें से उसकी मौत हो गयी। मृतक कि पहचान सोनमा गांव निवासी 25वर्षिय मनोज कुमार के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त युवक बाजार गया था वहीं लौटने के क्रम में नहर पार कर रहा था जहां संतुलन बिगङ जाने से नहर मे जा गिरा और डुबने से उसकी मौत हो गयी घटना की सूचना पाकर सरमेरा थाना पुलिस घटनास्थल पर जाकर घटना की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री ने वृक्ष को बांधा रक्षा सूत्र, किया पौधरोपण



एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को रक्षा बंधन एवं बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस पर पटना स्थित राजधानी वाटिका में 'बाम्बेक्स इपलीटिका' वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही 'डोरंडा' पौधे का रोपण भी किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 13 अगस्त, 2012 को रक्षा बंधन पर बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस का शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों। पौधों को संरक्षित करें और अधिक से अधिक पौधरोपण करें। जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी पर हो रहे नुकसान को कम करने के लिए पौधरोपण करना एवं इन्हें बचाना अतिआवश्यक है। जल-जीवन-हरियाली एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। राज्य में इको टूरिज्म को भी बढ़ावा देने की दिशा में भी तेजी से काम आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रयासों से राज्य के लोग पर्यावरण एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा पौधरोपण के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन एवं संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## आरजी कर अस्पताल की घटना से संबंधित अफवाहों पर पुलिस का कड़ा रुख, हजार से अधिक लोग चिह्नित

एजेंसी



**कोलकाता ।** आरजी कर अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों को लेकर कोलकाता पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने करीब एक हजार सोशल मीडिया उपयोगकताओं को चिह्नित किया है, जिन्होंने इस घटना से संबंधित बिना प्रमाण के गलत जानकारी फैलाई थी। इनमें से कई लोगों को पहले ही लालबाजार में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को आरजी कर अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना सामने आई थी। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर इस घटना से संबंधित भ्रामक और असत्यापित जानकारी फैलने लगी। कभी पीड़िता के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से संबंधित गलत तथ्य, तो कभी किसी जूनियर डॉक्टर को संभावित आरोपित के रूप में दशार्या गया। इस भ्रामक जानकारी के कारण कई लोगों में भ्रम और भय का माहौल बन गया। इस मामले में तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सुखेंदुशेखर राय को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है, जिससे साफ है कि पुलिस इस मामले में किसी को भी बख्शने के मूड में नहीं है। वहीं, तृणमूल के एक पूर्व मंत्री के बेटे को भी गलत तरीके से इस मामले में जोड़ा गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। बाद में पूर्व मंत्री ने सफाई दी कि उनका बेटा आरजी कर अस्पताल में कार्यरत नहीं है, बल्कि पांशकुड़ा में कार्यरत है। कोलकाता पुलिस ने इस मामले में पहले ही चेतावनी दी थी कि बिना प्रमाण के इस प्रकार की अफवाहें फैलाना न केवल खतरनाक है, बल्कि इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया था कि ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इस चेतावनी के बाद पुलिस ने पिछले कुछ दिनों में सोशल मीडिया पर गलत जानकारी पोस्ट करने वाले लगभग 50 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया है। इनसे जानकारी मांगी गई कि उन्होंने जो भी जानकारी सोशल मीडिया पर डाली, उसके लिए उनके पास क्या सबूत हैं। कई लोगों ने बाद में स्वीकार किया कि उन्होंने बिना जांचे-परखे ही यह पोस्ट की थी और इसके लिए उन्होंने माफी भी मांगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब तक करीब एक हजार और लोगों को इस मामले में चिह्नित किया गया है और जल्द ही उन्हें भी पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। पुलिस इस मामले को लेकर काफी गंभीर है और किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के मूड में है।

## हाई कोर्ट में संदीप घोष की याचिका पर सुनवाई स्थगित

एजेंसी



**कोलकाता ।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को राज्य संचालित आर.जी. कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष द्वारा दायर की गई पुलिस सुरक्षा की याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। न्यायालय ने इस मामले में सभी पक्षों के बीच शपथपत्रों के आदान-प्रदान और प्रस्तुति पूरी न होने के कारण सुनवाई को बुधवार तक के लिए टाल दिया। पिछले सप्ताह, घोष के वकील ने इसी तरह की याचिका के साथ मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरनमय भट्टाचार्य की खंडपीठ का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की थी।

हालांकि, खंडपीठ ने इसे स्वीकार करने के बजाय घोष के वकील को प्रोटोकॉल के अनुसार एकल न्यायाधीश की पीठ के समक्ष याचिका दायर करने की सलाह दी, जिसे घोष के वकील ने मान लिया। लेकिन इसी दौरान मुख्य न्यायाधीश ने पुलिस सुरक्षा की याचिका पर कुछ टिप्पणियां की। उन्होंने कहा कि चूंकि घोष काफी प्रभावशाली व्यक्ति हैं, अगर वे चाहें तो राज्य सरकार उनके निवास पर 500 पुलिसकर्मियों को तैनात कर सकती है। उसी दिन, घोष ने पहली बार केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के सॉल्ट लेक कार्यालय में आर.जी. कर बलात्कार और हत्या मामले में पूछताछ के लिए उपस्थित हुए। इस विवाद के केंद्र में तब से हैं जब नौ अगस्त की सुबह अस्पताल की इमारत के संगोष्ठी कक्ष से महिला चिकित्सक का शव बरामद हुआ था। घटना के कुछ दिनों बाद, घोष ने आर.जी. कर अस्पताल के प्रधानाचार्य और राज्य स्वास्थ्य सेवाओं से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। हालांकि, उसी शाम राज्य स्वास्थ्य विभाग ने घोष को कोलकाता राष्ट्रीय चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल (सीएनएमसीएच) के प्रधानाचार्य के रूप में नियुक्त करने का नोटिस जारी किया। हालांकि, घोष इस पद को ग्रहण नहीं कर सके क्योंकि कलकत्ता हाई कोर्ट की खंडपीठ ने उन्हें लंबी छुट्टी पर जाने का निर्देश दिया और राज्य में किसी भी अस्पताल में प्रधानाचार्य के रूप में उनकी नियुक्ति पर भी रोक लगा दी।

## अस्पताल में घुसकर डॉक्टरों-नर्सों को 'मारधार', मालदा के तृणमूल नेता गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** आर जी कर मामले को लेकर पूरे देश में हंगामा मचा हुआ है। सभी डॉक्टर सुरक्षा की मांग करते हैं। इसी स्थिति में नाइट शिफ्ट में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों और नर्सों की कथित तौर पर पिटाई की गई। आरोप यह भी है कि उन्हें हत्या की धमकी भी दी गई। मालदा के हरिश्चंद्रपुर ग्रामीण अस्पताल घटना में तृणमूल कांग्रेस नेता गिरफ्तार।

रविवार की रात करीब ग्यारह बजे अभिनाश दास नामक नेता हरिश्चंद्रपुर ग्रामीण अस्पताल में दाखिल हुए। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात नर्सों से अभद्रता की। मौके पर मौजूद चिकित्सा पदाधिकारी प्रभाकर साहा ने उनका विरोध किया। आरोप है कि उसे जमकर पीटा गया। आरोप यह भी है कि मौके पर मौजूद नर्सों को हत्या की धमकी दी गई। नर्सों ने दावा किया कि तृणमूल नेता ने शारीरिक शोषण के लिए उन पर हमला किया। हालांकि, वहां मौजूद डॉक्टर और जीडीए कर्मियों ने नेता को हिरासत में ले लिया। इसके बाद हरिश्चंद्रपुर थाने को सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही हरिश्चंद्रपुर थाने के आईसी समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची। आरोपी तृणमूल नेता को गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना से डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। नर्स और डॉक्टर दहशत में हैं। अस्पताल की ओर से हरिश्चंद्रपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी जा चुकी है। ऑन ड्यूटी डॉक्टर प्रभाकर साहा ने कहा, ''आरोपी व्यक्ति मरीज की तलाश में आया और मुझसे अभद्र भाषा में बात करने लगा। उन्होंने उपस्थित नर्सों को अश्रव्य भाषा में अपशब्द भी कहे। जब मैंने विरोध किया तो मुझे पीटा गया। इसके बाद वह वहां मौजूद नर्सों को पीटने पहुंच गया। हम इसे रोकते हैं।

## डॉक्टरों का लालबाजार अभियान, वकील भी विरोध में शामिल

संवाददाता



**कोलकाता।** दो डॉक्टरों पर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने का आरोप में डॉ. कुणाल सरकार और डॉ. सुबर्णा गोस्वामी को कोलकाता पुलिस ने तलब किया है। वे लालबाजार में हाजिर हुए। पुलिस द्वारा दो अनुभवी डॉक्टरों समेत अन्य डॉक्टरों को तलब किये जाने के खिलाफ लालबाजार में अभियान चलाया गया। वे लालबाजार गेट के बाहर एकत्र हुए। इस अभियान में वकील भी शामिल हो गये हैं। हालांकि, डॉक्टरों के अभियान की आलोचना करने वालों में तृणमूल नेता कुणाल घोष भी शामिल हो गये हैं। आखिरकार शाम करीब साढ़े चार बजे दोनों डॉक्टर लालबाजार से बाहर आये। तृणमूल नेता ने एक्स हैंडल पर लिखा, ''गलत पोस्ट कर भ्रम फैलाओगे तो पुलिस डॉक्टर को नहीं बुला पाएगी। एक निजी अस्पताल में एक बड़े ऑपरेशन के बाद गॉज अंदर ही रहे। उन्हें सरकारी अस्पताल लाया गया और ऑपरेशन कर उनकी जान बचायी गयी। डॉक्टर को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? मीडिया द्वारा जमीनी स्तर के विरोधी के रूप में प्रचारित किया गया? सिविल सोसायटी क्या कहती है?' इस दिन डॉक्टरों को बुलाने और प्रदर्शनकारियों की आवाज दबाने के विरोध में डॉक्टरों ने कोलकाता मेडिकल कॉलेज से लालबाजार तक जुलूस का आह्वान किया। जुलूस को बीच में ही रोक दिया गया। हालाँकि, जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, लालबाजार के सामने जुलूस की लंबाई धीरे-धीरे बढ़ती गयी। डॉक्टरों का साफ चुनौती, ₹जितना रोकने और डराने की कोशिश की जाएगी, अभियान उतना ही लंबा होगा।₹ इस बीच, वकील भी डॉक्टरों के साथ खड़े होने के लिए लालबाजार अभियान में शामिल हो गए। वे डॉक्टरों को कानूनी सहायता मुहैया कराना चाहते थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां घुसने से मना कर दिया। दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। आखिरकार, पुलिस पाँचों वकीलों को लालबाजार में प्रवेश करने देने पर सहमत हो गई।आरजी कर अस्पताल में एक युवा महिला डॉक्टर के बलात्कार-हत्या मामले में, मृतक की पहचान उजागर हो गई है और सोशल मीडिया पर अफवाहें फैल गई हैं। कोलकाता पुलिस ने दो प्रमुख, प्रसिद्ध डॉक्टरों को बुलाया। उन्हें सोमवार को लालबाजार बुलाया गया था। डॉ कुणाल सरकार, डॉ सुबर्णा गोस्वामी के समर्थकों ने लालबाजार जाने से पहले कोलकाता मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने मार्च किया। अन्य प्रमुख डॉक्टर शामिल हुए। जुलूस से डॉ कुणाल सरकार ने चुनौती भरे लहजे में कहा कि उनमें सवालों का जवाब देने की स्पष्टता और मानसिक शक्ति है। और जी कर मामले में उनकी संलिप्तता के पीछे कोई गुप्त उद्देश्य नहीं था।

**पूजा-पाठ** राजस्व भूमि सुधार मंत्री पहुचे किशनगंज, भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर में किया जलार्पण

# हर -हर- महादेव, बम -बम भोले के जयकारे से शहर हुआ गुंजायमान

एजेंसी



**किशनगंज।** शहर के एमजीएम रोड स्तिथ प्रसिद्ध भूतनाथ गौशाला मंदिर सहित शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी है। वहीं सावन माह की अंतिम सोमवारी पर भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल सोमवार को किशनगंज पहुंचे। जहां भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर में बाबा भोले को जलार्पण किया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव मिक्की साहा, भजपा नगर अध्यक्ष अरविंद मंडल, संजय पासवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। गौर करे कि भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है। एसआई पुष्पांजलि सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। सुबह से हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारे से सोमवार को शहर गुंजायमान हो उठा। सुबह से ही हर कदम शिवालयों एवं मंदिरों की ओर चल पड़े थे। भक्त हाथों में पूजन सामग्री, बेलपत्र, पुष्प, दूध आदि सामग्री लेकर शिव मंदिर की ओर चल पड़े थे। इस दौरान हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारे से शहर का माहौल सुबह से भक्तिमय हो उठा था। शहर के प्रसिद्ध धर्मशाला शिव मंदिर, भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर, ठाकुरगंज के हरगौरी मंदिर, मनोरंजन क्लब शिव मंदिर, शिव शक्ति धाम दुर्गा मंदिर, रमजान पुल शिव मंदिर, डे मार्केट, पश्चिम पाली, उत्तरपाली, सुभाषपल्ली, लाइन, खगड़ा, तेघरिया, मोतीबाग, ढ़ेकसरा, टेउसा, मेडिकल कॉलेज रोड, महाकाल मंदिर रूईधासा आदि शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए जुटे हुए हैं। इस अवसर पर किशनगंज कांवड़िया सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रावणी मेला का आयोजन जारी है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए बाबा भूतनाथ शिव मंदिर पहुंचे थे। सुबह से जलाभिषेक करने का सिलसिला शुरू हुआ है। इससे दिन भर माहौल भक्तिमय बना रहा। सावन की अंतिम सोमवारी को हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने बाबा भूतनाथ मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। गौर करे कि शहर से 17 किलोमीटर दूर ओद्रा घाट स्थित डोक नदी से जल भरकर पदयात्रा करते हुए और भगवान शिव का गुणगान करते हुए भक्त भूतनाथ शिव मंदिर पहुंच रहे थे और बाबा पर जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे थे। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में लगाए गए मेला का भी भक्तों ने लुफ्त उठाया और खरीदारी की। इस दौरान भक्तों के लिए जगह जगह सामाजिक संस्थाओं एवं निजी सहयोग से लोगों ने सेवा शिविर लगाए हुए है, जहां आते जाते श्रद्धालुओं को नींबू पानी शरबत आदि की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में वीर शिवाजी सेना द्वारा नींबू पानी शरबत का काउंटर लगाया गया है। मंदिर में जलाभिषेक करने के बाद श्रद्धालु गर्मी से राहत लेने के लिए सरबत काउंटर पर पहुंचते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नींबू पानी शरबत का आनंद उठाया।

## पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का फूंका पुतला

एजेंसी

**नवादा।** जिले के अकबरपुर में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने आक्रोश मार्च निकालकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक शिव नारायण, जिला संयोजक रवि कुमार, सिद्धार्थ कुमार, आदित्य कुमार अकबरपुर के नगर मंत्री, रणवीर कुमार, लव कुश प्रताप यादव, कुंदन यादव, सुबोध यादव आदि छात्रों ने उग्र प्रदर्शन करते हुए कहा कि दोषियों को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बचाना चाहती है। और इसी के विरोध में हम लोगों ने आज बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया है। आरोपियों को तुरंत फांसी दी जाए नहीं तो आने वाला समय में एक और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के के सदस्यों द्वारा पहले बाजार में ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुएपुतला दहन किया गया है।जहां विभाग के संयोजक शिवनारायण ने कहा कि बंगाल में लड़कियों सुरक्षित नहीं है ना ही महिला सुरक्षित है। इस कोलकात्ता कांड का देश भर में विरोध हो रहा है। जिसके बाद आज सुप्रीम कोर्ट ने इस पूरी घटना पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले में मंगलवार को चीफ जस्टिस के कोर्ट में सुनवाई होगी।



# रसोई में इन पौधों को लगाएं, नहीं पड़ेगी धूप की जरूरत

**आप घर के किसी भी हिस्से में पौधे लगा सकते हैं। कुछ पौधे ऐसे भी हैं, जिन्हें सूरज की रोशनी की जरूरत नहीं पड़ती है और आप उन्हें घर के अंदर भी लगा सकते हैं।**

घर को सजाने की बात हो या हवादार बनाने की, पौधें लगाना बहुत अच्छा विकल्प है। हालांकि, बहुत बार लोग घर के बाहर तो पौधे लगा लेते हैं, लेकिन अंदर नहीं। दरअसल हमें लगता है कि घर के अंदर सूरज की रोशनी नहीं आएगी, जिससे पौधे मर जाएंगे। अगर आप भी ऐसा सोचते हैं, तो आप गलत है। इस आर्टिकल में जानें कि आप घर की रसोई में किन पौधों को लगा सकते हैं।

## घर की रसोई में लगाएं एग्लोनिमा प्लांट

एग्लोनिमा प्लांट को आप अपनी रसोई में आसानी से लगा सकते हैं। इस पौधे को चीनी सदाबहार पौधे के नाम से भी जाना जाता है। खास बात यह है कि इस पौधे को ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती है। ऐसे में आप इसे आसानी से घर की रसोई में या किसी भी हिस्से में उगा सकते हैं।

## पीस लिली पौधा कहां लगाएं?

पीस लिली पौधा सबसे अच्छे इनडोर फूलों वाले पौधों में से एक माना जाता है। इस पौधे को भी सूरज की रोशनी नहीं चाहिए होती है। पीस लिली पौधा वायु शुद्ध करने वाला भी होता है। ऐसे में आप इसे घर के किसी भी कोने में लगा सकते हैं। बस इस बात का ध्यान रखें कि आप इसे धूप से दूर रखें। इस पौधे पर जैसे ही धूप पड़ती है, वो मुरझा जाता है।

## लकी बैम्बू प्लांट

कहा जाता है कि लकी बैम्बू प्लांट घर में सौभाग्य लाता है। इस पौधे को आप रसोई के माइक्रोवेव या फ्रिज के ऊपर, शो पीस की भी तरह सजा कर सकते हैं। पौधे को लंबा चलाने के लिए बस समय-समय पर उसमें पानी डालते रहें।

## घर की रसोई में लगाएं मनी प्लांट

इन सभी पौधों के अलावा आप घर की रसोई में मनी प्लांट भी लगा सकते हैं। मनी प्लांट को आप पानी और मिट्टी दोनों में उगा सकते हैं।






# ऑनलाइन पेमेंट को सुरक्षित बनाने के लिए ये टिप्स जरूर फॉलो करें

जब से नोटबंदी हुई है उसके बाद से ही भारत में ऑनलाइन पेमेंट्स का बोलबाला हो गया है। उसके पहले तक जहां लगभग 80% चीज़ें कैश चलती थीं वहीं अब कई सारे यूपीआई ऐप्स, पेमेंट वॉलेट और कैशलेस ऑप्शन आ गए हैं। वैसे तो हर रोज़ लगभग लाखों का लेन-देन होता है और इस कारण से गलती होने की गुंजाइश भी बहुत होती है। कई बार तो बस एक नंबर या फिर एक छोटे से लेटर की गलती के कारण हजारों का नुकसान हो जाता है। पिछले कुछ समय में ऑनलाइन पेमेंट्स को लेकर 55 प्रतिशत तक की ग्रोथ आई है। अब तो जहां स्मार्टफोन्स हैं वहां पर ऑनलाइन पेमेंट भी हो रही है। ऑनलाइन पेमेंट्स के इतने बढ़ने के कारण डिजिटल थेफ्ट और गलत जगह पर ऑनलाइन पेमेंट करने की समस्या भी बढ़ गई है। ऐसे में क्यों ना कुछ टिप्स को अपनाया जाए जिससे आप ऑनलाइन पेमेंट्स को सुरक्षित बना सकते हैं।

## ऑनलाइन पेमेंट किसी एक सुरक्षित डिवाइस से ही करें

आपको हमेशा ऑनलाइन पेमेंट करते समय ये ध्यान रखता है कि आप अपना यूपीआई आईडी अलग-अलग डिवाइसेस में ना डालें। इस तरह से आप अपने ऑनलाइन पेमेंट्स को कुछ हद तक सुरक्षित बना सकते हैं।

एक ही पासवर्ड और आईडी ना रखें अधिकतर लोग ये समझते हैं कि एक ही तरह के आईडी और पासवर्ड रखना ठीक होता है, लेकिन ऐसा नहीं है। इससे आपके सारे अकाउंट्स एक साथ हैक होने का खतरा होता है। ध्यान रखें कि यूपीआई आईडी और पासवर्ड सभी अलग-अलग होने चाहिए।

## ई-कॉमर्स वेबसाइट्स में सेव करने से बचें

एक-दो साइट्स में तो फिर भी ठीक है, लेकिन कई बार लोग किसी भी साइट में अपने कार्ड डिटेल्स बिना सोचे समझे डाल देते हैं। ये बहुत ही अजीब बात है कि आप पहली बार किसी साइट पर जा रहे हैं और फिर भी अपनी ऑनलाइन पेमेंट से जुड़ी डिटेल्स डाल रहे हैं। जिन साइट्स को रेगुलर यूज करते हैं उनके अलावा आपको ऐसा किसी साइट के लिए नहीं करना चाहिए।

## टेम्परेरी क्रेडिट कार्ड का करें इस्तेमाल

कुछ क्रेडिट कार्ड कंपनी इस तरह के टेम्परेरी क्रेडिट कार्ड्स देती हैं जो सिर्फ वन टाइम पर्चेज के लिए होते हैं। इन कार्ड्स का काम ही ये होता है कि इनसे रेगुलर पेमेंट्स नहीं की जा सके। इसके अलावा, अगर आप परमानेंट क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करना चाहती हैं तो ऐसे क्रेडिट कार्ड्स चुनें जिनकी लिमिट लो हो।

## पब्लिक वाई-वाई सबसे बड़ा खतरा है

एक चीज़ बहुत ध्यान से समझें। पब्लिक वाई-फाई का इस्तेमाल करना और ऑनलाइन पेमेंट करना हैकर्स को दावत देना है। अगर आप पब्लिक वाई-फाई यूज भी कर रहे हैं तो भी पेमेंट करते समय अपने मोबाइल का डाटा यूज करें।

**ऑनलाइन पेमेंट्स के इतने बढ़ने के कारण डिजिटल थेफ्ट और गलत जगह पर ऑनलाइन पेमेंट करने की समस्या भी बढ़ गई है। ऐसे में क्यों ना कुछ टिप्स को अपनाया जाए जिससे आप ऑनलाइन पेमेंट्स को सुरक्षित बना सकते हैं।**

फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन से जुड़े ये डिटेल्स ध्यान रखने चाहिए।

## दो बार चेक करें यूपीआई आईडी

एक और बात जिसका ध्यान आपको रखना चाहिए वो ये है कि अगर आप किसी को यूपीआई पेमेंट कर रहे हैं तो आप दो बार आईडी को जरूर चेक करें। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आपने इसे गलत कर दिया तो पैसे वापस आना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। किसी भी बड़ी पेमेंट को करने से पहले आप छोटा अमाउंट भेजकर देखें। अधिकतर लोग इसी जल्दबाजी में अपना नुकसान करवा बैठते हैं।

## अपना सीवीवी किसी के साथ शेयर ना करें

आपको ये ध्यान रखना है कि अगर आप ऑनलाइन पेमेंट कर रहे हैं तो ऐसी डिटेल्स जो सिर्फ आपके कार्ड में मौजूद होती है वो सुरक्षित रखनी चाहिए। जैसे आपके कार्ड का सीवीवी किसी के साथ शेयर ना करें।





# पेपर बैग फेंकने की बजाय बच्चों के लिए बनाएं ये 3 चीजें

**पेपर बैग पर आसानी से कस्टम डिजाइन, लोगो और ब्रांडिंग की जा सकती है। इससे आप बच्चों की खेलने की चीजें बनाने के साथ-साथ उनके लिए डेकोरेटिव आइटम्स भी बना सकते हैं।**

प्लास्टिक बैग की तुलना में पेपर बैग मिट्टी में आसानी से मिल जाते हैं। यह वातावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। आप चाहे, तो इसे खुद ट्राइ भी कर सकते हैं। अगर आप एक प्लास्टिक की थैली को गार्डन में पत्थर के नीचे रखते हैं और वहीं उसके साइड में पेपर को पत्थर के नीचे रखते हैं।

बारिश होने के बाद जब आप दोनों को देखने जाएंगे, तो प्लास्टिक वैसे का वैसे ही होगा। लेकिन पेपर का हाल खराब हो गया होगा। अगर आप उसे अपने हाथों या पैरों से मिट्टी पर रगड़ेंगे, तो वह पूरी तरह से मिट्टी में मिल जाएगा। लेकिन प्लास्टिक के साथ ऐसा नहीं होगा। इसलिए पेपर बैग का इस्तेमाल अब लोग ज्यादा करने लगे हैं। अगर आप इन पेपर बैग्स को फेंकना नहीं चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके काम आएगा। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पेपर बैग से कुछ ऐसी चीज बना सकते हैं, जो बच्चों को पसंद आएगा।

## पेपर बैग पपेट्स


बच्चे हर दिन नए-नए खिलौनों की जिद करते हैं। लेकिन बजट अच्छा नहीं होने की वजह से बच्चों की हर जिद पूरी नहीं की जा सकती। अगर आपके बच्चे छोटे हैं, तो आप अपने बच्चों के लिए घर पर ही पेपर बैग से चीजें बना सकते हैं। आप घर पर ही इससे पपेट्स बना सकते हैं। बच्चों को यह बहुत पसंद आएगा।

- इसके लिए आपको कलरफुल पेपर, गोंद, अलग-अलग रंग के मार्कर और कटआउट्स चाहिए होंगे।
- आप कटआउट्स की जगह आंखें और मुंह बनाने के लिए बटन का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इसके लिए आप सबसे पहले पेपर बैग को उल्टा करके एक पपेट के रूप में तैयार करें।
- आप इसमें भालू, टेडी बियर या डॉल का डिजाइन बना सकते हैं।
- इसके बाद आप इसकी कटिंग करके रंगीन पेपर, गोंद, और मार्कर का उपयोग करके सजा लें।
- इसमें बच्चे अपनी पसंदीदा चीजें संभालकर रखेंगे। इसके अलावा आप इसे अपनी अलमारी में सजाकर भी रख सकते हैं।

## पेपर बैग से बच्चों के लिए कलर बुक तैयार करें

- अगर बच्चे छोटे हैं, तो आप उनके लिए कलर बुक तैयार कर सकते हैं।
- पेपर बैग को छोटे टुकड़ों में काटें और इन्हें बुकमार्क्स के आकार में बनाएं।
- आप इसे अलग-अलग आकार में भी काट सकते हैं।
- जैसे आप गोल या त्रिभुज आकार बनाएं, इसके बाद इसे अलग-अलग रंग कर दें।
- बच्चों को अगर कलर समझने में परेशानी होती है, तो खेल-खेल में वह सीख जाएंगे।
- इसे आप अकेले न बनाएं। आप बच्चों की मदद से इसे बनाएं।





# दोस्तों के साथ समय बिताने से होते हैं सेहत को कई फायदे

**ज़िंदगी में दोस्ती का होना अपने आप में एक सुकून है। एक ऐसा इंसान जीवन में होता है जिससे आप खुलकर बात कर सकते हैं या जिसके साथ हंस सकते हैं। दोस्ती का फ़ायदा केवल यहीं तक सीमित नहीं है। यह रिश्ता हमें शारीरिक और मानसिक रूप से भी अच्छा महसूस कराता है।**

## संतुष्टि महसूस होती है

शोध बताता है कि दोस्त होने से जीवन में संतुष्टि महसूस होती है। यह आपको दूसरों पर भरोसा करने और सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे जीवन का आनंद लेने की संभावना बेहतर होती है। दोस्तों से मुलाक़ात कभी-कभार हो तो जीवन की संतुष्टि 69 फ़ीसदी तक कम हो सकती है। सप्ताह में एक से ज़्यादा बार दोस्तों से मिलने से संतुष्टि महसूस होती है और ज़िंदगी का आनंद बेहतर तरीक़े से ले पाते हैं।

## तनाव और उलझन कम होती है

एक अध्ययन के अनुसार दोस्ती तनाव और उलझन के स्तर को कम करती है। क़िशोरावस्था में क़रीबी दोस्त होने से वयस्कता के दौरान मानसिक स्वस्थ्य बेहतर रहता है। वयस्क अवस्था में भी दोस्त की मौजूदगी मन को स्वस्थ रखती है।

## मस्तिष्क को मज़बूती मिलती है

2019 का एक शोध बताता है कि दोस्त और उसका संबल संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली में सुधार करता है। दोस्ती से मानसिक तौर पर स्थिरता आती है जिसका फ़ायदा वृद्धावस्था में मिलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दोस्त होने से स्मरण क्षमता में सुधार होता है।

## अकेलापन दूर होता है

दोस्त होने से अकेलेपन की भावना कम होती है। अकेलापन अवसाद बढ़ाता है और अन्य मानसिक व शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। अध्ययन के अनुसार, मित्रता समर्थन और आत्मीयता की भावना लाती है।

## फिटनेस पर पड़ता है असर

दोस्तों के साथ व्यायाम करने से ज़्यादा फिट रहा जा सकता है। 2017 का एक अध्ययन बताता है कि जो लोग दोस्तों के साथ एक्सरसाइज़ करते हैं उनमें तनाव का स्तर कम पाया जाता है। ऐसे लोगों ने शारीरिक और मानसिक रूप से भी खुद को स्वस्थ पाया।

## सहारा भी है दोस्ती

ज़िंदगी में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, जैसे नौकरी जाना, पारिवारिक समस्या या आर्थिक तनाव आदि। इन चुनौतियों का सामना करने में दोस्ती मदद करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### बहनों ने मुख्यमंत्री धामी को बांधा रक्षा सूत्र, बोले- इस रिश्ते की मिठास शब्दों में नहीं



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सोमवार खटीमा स्थित आवास पर बहनों ने रक्षासूत्र बांधकर अपना आशीष प्रदान किया। मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में लिखा है कि 'भाई-बहन के असीम स्नेह व प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर इस रिश्ते की गहराई और मिठास को शब्दों में नहीं बांध सकते। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व सामाजिक सद्भाव के साथ ही महिलाओं के प्रति आदर और सुरक्षा की भावना को भी सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी प्रगति के लिए एक आदर्श समाज के निर्माण में सहयोगी बनने की भी अपेक्षा की।

### बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी कार में की तोड़फोड़

**फतेहाबाद।** जिले के कस्बा भूना में रविवार देर रात को अज्ञात बदमाशों घर के बाहर खड़ी कार में जमकर तोडफोड़ की। इन बदमाशों ने जहां कार के शीशे तोड़ दिए, वहीं गाड़ी के पिछले टायर भी निकालकर ले गए। सोमवार सुबह जब कार का मालिक घर से बाहर आया तो कार के हालात देखकर हैरान रह गया। बाद में पीड़ित ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज कार्रवाई। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार अनाज मंडी भूना में कार्य करने वाले सुरेश बठला ने रविवार देर रात को अपनी कार लेकर मॉडल टाउन में अपने निवास पर आया और कार को बाहर खड़ा कर दिया।

### ठगी मामले में एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन टास्क पूरा कर कमीशन के लालच में जिले के एक युवक से 39 लाख रुपये ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रिजुल वालिया पुत्र अजय वालिया निवासी लुधियाना के रूप में हुई है। साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने 7 मई को धोखाधड़ी बारे केस दर्ज किया था। शिकायत में गांव हमजापुर निवासी जरनैल सिंह ने कहा था कि उसके टेलीग्राम एप पर मैसेज आया, कि अगर वह ऑनलाइन काम करना चाहता है तो कम्पनी की वेबसाइट महिन्द्रानाउ डॉट कॉम और वर्कमहिन्द्रा डॉट काम पर उनकी प्रोपर्टीज को ऑनलाइन प्रमोट करना है।

### दबंगों ने एक महिला को लाठियों से पीटा

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपुर में दिनदहाड़े मामूली बात को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर लाठियों से पीट दिया है। घटना रविवार दिन के लगभग चार बजे की बताई जा रही है। गांव की विवाहिता संजू यादव (38) पत्नी विजय कुमार यादव अपने घर के सामने खड़ी हुई थी। उसी समय मामूली सी बात पर कहासुनी हुई कि पड़ोसी पट्टीदारों ने उसपर हमला कर दिया। दबंगों ने महिला को सरेआम पीटने शुरू कर दिया। दबंग के हमले से बचने के लिए महिला अपने घर में भाग गई। दबंग घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुसा और उस पर जमकर लाठियां से प्रहार किया।

### डेंगू और मलेरिया को लेकर अलर्ट हुआ स्वास्थ्य विभाग

**मेरठ।** डेंगू सीजन शुरू होते ही इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने एंटी लार्वा स्प्रे करने के साथ ही मेडिकल कॉलेज और पीएम शर्मा जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड तैयार कर दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट कर दिया गया है। बरसात का मौसम उतार पर आते ही डेंगू का सीजन शुरू हो जाता है। मच्छरजनित बीमारियों के मामले सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। डेंगू और मलेरिया के मामलों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग खुद काम कर रहा है तो लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। बरसात में जलभराव को दूर करने के लिए ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को जिला प्रशासन ने निर्देश दिए हैं।

### रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए शुरू हुआ फ्री सफर, बस स्टैंडों पर भीड़

**जयपुर।** राजस्थान में रक्षाबंधन का पर्व सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से रक्षाबंधन पर महिलाओं और बालिकाओं के लिए राजस्थान रोडवेज बसों में फ्री यात्रा के आदेश जारी किए गए हैं। रक्षाबंधन पर प्रदेश की सीमाओं में कहीं भी महिलाएं निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। एक दिन के लिए निःशुल्क सुविधा रहेगी। आज रात 12 बजे से महिलाएं फ्री यात्रा कर रही है। महिलाएं अपने भाईयों के घर जा रही है। ऐसे में आज रात से ही बस स्टैंडों व रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रियों की भीड़ देखने को मिल रही है। रक्षाबंधन के दिन बालिकाओं और महिलाओं को राजस्थान राज्य की सीमा में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है। रोडवेज को निशुल्क बस सुविधा के व्यय का पुनर्भरण राज्य सरकार की ओर से निःशुल्क यात्रा पुनर्भरण मद में उपलब्ध प्रावधान में से किया जाएगा। राजस्थान से बाहर जाने के लिए टिकट चार्ज देना पड़ेगा। रक्षाबंधन के अवसर पर रोडवेज की बसों में ज्यादा भीड़ रहती है। सिंधी कैंप बस स्टैंड पर रोडवेज प्रशासन की ओर से महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है।

# उत्तराखंड की पहचान है पहाड़ और नदियां : विद्याभूषण रावत



- उत्तराखंड को अपनी भूमि, कानूनों और अधिवास नीतियों को बदलना होगा
- इनकी सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए

**देहरादून। एजेंसी**

दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र सभागार में सोमवार की शाम सामाजिक चिंतक व लेखक विद्याभूषण रावत की सचित्र वार्ता हुई। यह वार्ता 'हिमालयी विकास या हिमालयी आपदा' को लेकर उत्तराखंड के संकट को समझने पर केंद्रित थी। विद्याभूषण रावत ने हिमालय की संवेदनशीलता और अनियंत्रित विकास को रेखांकित करते हुए समाज व पर्यावरण के समक्ष आ रही गंभीर समस्याओं एवं चुनौतियों की तथ्यात्मक जानकारी दी।

वार्ता में विद्याभूषण रावत ने पिछले 10-11 वर्षों के दरमियान केदारनाथ व रैणी आपदा सहित जोशीमठ भू-धंसाव जैसे अन्य तमाम घटनाओं का उदाहरण देते हुए चिंता जताई और कहा कि उत्तराखंड न केवल अपने भूगोल अपितु अपनी पहचान से जुड़े गंभीर संकट से भी जूझ रहा है। धार्मिक पर्यटकों की आमद, अपर्याप्त बुनियादी ढांचे व बड़े विकास एजेंडे ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या यही वास्तविक विकास की परिभाषा है। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य, अनियंत्रित पर्यटन, स्थानीय समुदायों से वंचित वन क्षेत्रों में रिसॉर्ट और होटलों के खुलने से पर्यावरण के साथ लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया है। उत्तराखंड के तराई और मैदानी इलाकों में बेतहाशा आबादी बढ़ने और हिमालयी क्षेत्रों में आबादी कम होने से असंतुलन पैदा होगा। नए परिसीमन में पहाड़ अल्पमत में आकर अपनी विधानसभा की सीटों को भी खो सकता है।

पहले से ही पर्वतीय लोगों और उनके मैदान में बसे समकक्षों के बीच आय का अंतर बहुत बड़ा है। ऐसे में हिमालयी क्षेत्रों की विशिष्ट सांस्कृतिक भौगोलिक प्रकृति को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। विद्याभूषण रावत ने यह भी कहा कि उत्तराखंड को अपनी भूमि, कानूनों और अधिवास नीतियों को बदलना होगा। पहाड़ और नदियां हमारी पहचान हैं। इनकी सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। उत्तराखंड के सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन पर खतरा सीधे तौर पर इसकी प्राकृतिक विरासत के संरक्षण से जुड़ा है, इसलिए हमें लीक से हटकर भी सोचने की जरूरत है। हिमालय और इसकी समृद्ध नदी घाटी प्रणाली की रक्षा के लिए स्थानीय समुदायों और लोगों को शामिल कर इस मुद्दे पर गंभीर बहस शुरू करने की जरूरत है। विद्याभूषण रावत एक सक्रिय लेखक हैं। इनकी प्राकृतिक विरासत और उससे जुड़े समुदायों में विशेष रुचि है। उन्होंने भूमि और खाद्य सुरक्षा के मुद्दों पर काम किया है और बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बात की है।

रेलवे लाइन व बस अड्डे की सुविधा ना देने के कारण जनता हो रही परेशान

## अग्रोहा को रेलवे लाइन ना जोड़ने से वैश्य समाज में नाराजगी : बजरंग



**हिसार। एजेंसी**

वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा है कि वैश्य समाज की तरफ से अग्रोहा के विकास के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। पूरे देश का वैश्य समाज अग्रोहा धाम व अग्रोहा के विकास के लिए दिन-रात लगा हुआ है। बजरंग गर्ग सोमवार को अग्रोहा धाम में पूर्णिमा व रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भजन समारोह, छप्पन भोग, हवन-पूजन, भंडारा व वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बार-बार महाराजा अग्रसेन जी का महल जो 125 एकड़ में बना हुआ था जो आज टीले के रूप में बदल चुका है, सरकार द्वारा उसकी खुदाई की घोषणा करने के बाद भी आज तक टीले की खुदाई का काम शुरू नहीं हुआ है। टीले की खुदाई का शुभारंभ इस वर्ष 11 मार्च को सरकार द्वारा किया गया था मगर आज तक टीले की खुदाई का काम किसी प्रकार से चालू नहीं किया गया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्रीय वार्षिक बजट 2022-23 में हिसार-अग्रोहा-सिरसा रेलवे लाइन 93 किलोमीटर की मंजूर कर दी गई थी। इसके बावजूद भी आज तक रेलवे लाइन का काम भी सरकार द्वारा शुरू नहीं किया गया है। सरकार द्वारा घोषणा के बावजूद टीले की खुदाई ना होने व अग्रोहा को रेलवे लाइन ना जोड़ने से वैश्य समाज में भारी नाराजगी है।

# इजराइली हमलों में 28 की मौत

### अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन संघर्षविराम के लिए पश्चिम एशिया रवाना



**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। एजेंसी**

हमास और इजराइल के बीच जारी युद्ध की ताजा कड़ी में इजराइली हमलों में 28 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल ने यह हमला गाजा में शनिवार रात और रविवार को किया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन संघर्ष विराम समझौता कराने के लिए रविवार को पश्चिम एशिया के लिए रवाना हुए। अमेरिका और उसके सहयोगी मध्यस्थ देश मिस्त्र और कतर समझौता कराने की दिशा में दोहा में दो दिन की वार्ता के बाद करीब पहुंचते दिख रहे हैं। अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों ने समझौते को लेकर आशा व्यक्त की है लेकिन हमास ने लड़ाई जारी रखने के संकेत दिए हैं। संघर्षविराम प्रस्ताव में तीन चरण वाली प्रक्रिया की बात कही गई है, जिसके तहत हमास सात अक्टूबर को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करेगा। बदले में, इजराइल गाजा से अपनी सेना वापस बुलाएगा और फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, मध्यस्थों को इस युद्ध के समाप्त होने की उम्मीद है, जिसमें 40,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

गाजा के 23 लाख से अधिक निवासियों में से अधिकतर विस्थापित हो चुके हैं और मानवीय तबाही हुई है। विशेषज्ञों ने अकाल और वैक्सीन की कमी से पोलियो जैसी बीमारियों के फैलने के प्रति आगाह किया है। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के चरमपंथियों के हमलों में लगभग 1,200 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें अधिकतर आम नागरिक थे जबकि लगभग 250 लोगों को अगवा कर लिया गया था। माना जाता है कि उनमें से लगभग 110 लोग अब भी गाजा में हैं, जबकि इजराइली अधिकारियों का कहना है कि उनमें से लगभग एक तिहाई की मौत हो चुकी है। नवंबर में एक हफ्ते के संघर्षविराम के दौरान 100 से ज्यादा बंधकों को रिहा किया गया था। अल अक्सा अस्पताल के अनुसार, इजराइल ने नए सिरे से बमबारी करते हुए रविवार तड़के दीर अल-बलाह में एक मकान पर हमला किया।

## यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के दो महत्वपूर्ण पुलों पर हमला किया

- जवाबी हमले में रूसी सेना ने कीव पर दागी मिसाइल, बेलारूस हुआ अलर्ट

**कीव/मास्को। एजेंसी**

यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पुल को नष्ट कर दिया है तथा पास में ही स्थित एक और पुल पर हमला किया है। वहीं रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के लगातार हमला के बाद रूस के भी जवाबी हमले को कमजोर करने के लिए यूक्रेन ने एक अन्य पुल को निशाना बनाया है। इसके कारण रूसी सेनाओं की आपूर्ति पर असर पड़ा है। यह हमला सीमा पार से की गई घुसपैठ के दो सप्ताह से भी कम समय में हुआ है।

इस हमले से रूसी आपूर्ति मार्ग बाधित हो गया है। वहीं रूस के रोस्तोव में यूक्रेनी ड्रोन के मलबे की चपेट में आकर एक गोदाम में आग लग गई। वहां डीजल का भंडारण किया गया था। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने बेलारूस के साथ अपनी सीमा पर 120,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है और मिन्स्क ने पूरी सीमा पर अपने लगभग एक तिहाई सशस्त्र बलों को तैनात किया है। हालांकि, मास्को यहां तक पहुंचने के लिए पोंटून और अन्य माध्यमों का उपयोग कर सकता है। यूक्रेनी वायु सेना की ओर से शुक्रवार को एक वीडियो साझा किया गया, जिसमें क्षतिग्रस्त पुल नजर आ रहा है। दो दिन पहले ही सियाम नदी पर बने एक अन्य पुल को ध्वस्त कर दिया गया था।

आधिकारिक रूप से साफ नहीं हो पाया कि दूसरा पुल कहां है, लेकिन एक रूसी टेलीग्राम चैनल की ओर से कहा गया है कि यह सियाम पर जवान्नो के पास स्थित है। रूस की मैश समाचार साइट के अनुसार, हमलों के कारण क्षेत्र में अब केवल एक ही पुल बचा है।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत पांच की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास में कार से हुए सड़क हादसे में भारतीय मूल के दंपति और उनकी बेटी की मौत हो गयी। इस हादसे में दूसरी कार में बैठे दो अन्य लोगों की भी मौत हो गयी। एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गयी है। जानकारी के अनुसार, अरविंद मणि (45), उनकी पत्नी प्रदीपा अरविंद (40) और उनकी 17 वर्षीय बेटी एंड्रिल अरविंद की कार दुर्घटना में मौत हो गयी। इसमें कहा गया है कि ये लोग लिएंडर के रहने वाले थे। रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना टेक्सास के लैम्पासस काउंटी के निकट हुयी। इस परिवार का एकमात्र सदस्य बच गया है, दंपति का 14 साल का बेटा आदिरयान है। वह दुर्घटना के समय उनके साथ वाहन में नहीं था। टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग के अनुसार मणि की कार जिस अन्य वाहन से टकरायी उसे जैसिंटो गुडिनो दुरान (31) चला रहा था और दोनों वाहनों की आमने सामने की टक्कर हो गयी।

### सोलह संस्कारों में यज्ञोपवीत संस्कार महत्वपूर्ण: विश्वेश्वरानंद

**हरिद्वार।** श्री सूरतगिरि बंगला गिरिशानंदाश्रम में सोमवार को श्रावणी उपाकर्म पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराकर ज्ञान दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रावणी पर्व पर श्री सूरतगिरि बंगला गिरिशानंदाश्रम में श्रावणी पर्व आश्रम के परमाध्यक्ष महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज के सानिध्य व आचार्य शिवपूजन के आर्चायत्व में मनाया गया। इस अवसर पर बटुकों का मुण्डन आदि संस्कार कर वैदिक रीति के अनुसार यज्ञोपवीत धारण कराया गया। इस अवसर पर नव यज्ञोपवीत धारण करने वाले बटुकों को आशीर्वचन देत हुए महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में यज्ञोपवीत संस्कार सोलह संस्कारों में महत्वपूर्ण संस्कार है। ब्राह्मण कुल में पैदा होने के लिए यज्ञापवीत अनिवार्य है।

## महिला समूहों की समृद्धि सहकारिता से ही संभव : डॉ दर्शन दानू



**गोपेश्वर। एजेंसी**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना की ओर से संचालित सुनंदा स्वायत सहकारिता मुंदोली की सोमवार को पहली वार्षिक आम सभा की बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि क्षेत्र प्रमुख देवाल डा. दर्शन दानू ने कहा कि महिला समूहों की समृद्धि सहकारिता से ही संभव है। उन्होंने सहकारिता के साथ मिलकर आजीविका संवर्धन गतिविधियों को संचालित कर स्वरोजगार करने पर बल दिया। उन्होंने कहा की यदि हमारी मातृशक्ति सहकारिता के साथ मिलकर कार्य करती तो उनकी आर्थिकी अवश्य मजबूत होंगी। महिलाओं की मांग पर उन्होंने न्याय पंचायत स्तर पर कलस्टर कार्यालय एव साप्ताहिक हाट संचालन करने के लिये कार्रवाई करने का वादा किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुये सुशीला देवी ने सभी अतिथियों एव समूह सदस्यों का स्वागत किया।

इस अवसर पर सहकारिता का चुनाव भी हुआ। जिसमें निदेशक मंडल मे अध्यक्ष सुशीला देवी, कोषाध्यक्ष किरन, सचिव भवानी देवी को पुनः सर्वसहमति से मनोनीत किया गया जबकि हरनी से उमा देवी, कुलिंग से कली देवी, ल्वाणी से अनीता देवी, सुया से ललिता देवी को निदेशक मण्डल मे सदस्य मनोनयन किया गया। जेष्ट प्रमुख संगीता देवी की ओर से निदेशक मंडल की नव मनोनीत कार्यकारिणी को पद एव गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी।

## मेवाड़ ने स्वाधीनता का दीप सदैव प्रज्वलित रखा : नारायण



**राजसमंद। एजेंसी**

भारत विमर्शम द्वारा राजस्थान में चलने वाले विभिन्न युवा विचार समूहों की चौथी वार्षिक गतिविधि के अंतर्गत दिवेर दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में दिवेर युद्ध विजय स्मारक, चारभुजा नाथ दर्शन, कुंभलगढ़ एवं राजसमंद का भ्रमण रहा। युवा विचार समूहों के दल के दिवेर राष्ट्रीय राजमार्ग पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा तिरंगे का उपरना ओढ़ाकर व तिलक लगाकर सहभागियों का स्वागत किया गया। दिवेर विजय स्मारक तक तिरंगा रैली के रूप में शोभायात्रा निकाली गई। स्थानीय लोक वाद्य थाली-मादल की थाप के साथ प्रतिभागी तिरंगा लहराते एवं नृत्य करते एवं भारत के जयघोष गुंजायमान करते हुए चल रहे थे। स्वाधीनता के शेर की जय हो तीर्थ दिवेर की के जयघोष लगाये गये। दिवेर युद्ध स्मारक पहुंचकर ध्वजारोहण किया गया और महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि व मायड़ थारो वो पूत अठे गान से सामूहिक शब्दाजंलि निवेदित की। नारायण लाल द्वारा स्मारक दर्शनार्थियों को स्मारक के वास्तु की जानकारी देते हुए इसकी तीनों थीमों व निर्माण के चरणों के बारे में विस्तार से बताया। यात्रा का उद्धेश्य बताते हुए आयोजक दिग्विजय सिंह कहते हैं कि महाराणा प्रताप स्वाधीनता के अप्रतिम उपासक व अंग्रेजों से स्वाधीनता संग्राम करने वाले प्रत्येक सेनानी के लिए प्रेरणा स्रोत रहे हैं।

**उत्सव** हिसार : श्री तिरुपति धाम में झूला उत्सव धूमधाम से संपन्न

# भगवान के झूला उत्सव में हिस्सा लेकर अभिभूत हो गए श्रद्धालु

- अर्चकों ने गोष्ठी प्रसाद का वितरण भी किया

**हिसार। एजेंसी**



विभिन्न संस्कृतियों को जोड़े में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में भगवान का झूला उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। हरियाली तीज के दिन शुरू हुए इस झूला उत्सव के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने तिरुपति धाम पहुंचकर अपने इष्ट की पूजा व आराधना की। 13 दिवसीय उत्सव में भगवान के आलौकिक दर्शन करके श्रद्धालु अभिभूत हो गए। सावन माह में जैसे प्रकृति पृथ्वी का श्रृंगार करती है, वैसा ही श्रृंगार सोमवार को तिरुपति धाम में झूला उत्सव के दौरान देखने को मिला।

झूले को विभिन्न प्रकार की झालर व लड़ियों से सुसज्जित किया गया और पूरे विधि-विधान से भगवान के विग्रह को झूले में विराजमान किया गया। रस्सी से बंधे झूले को डुलाते हुए भक्तों ने अगाध आस्था का परिचय दिया। इस अवसर पर भक्तगण जय श्रीमन्ननारायण, जय गोविंदा, जय भगवान वेंकटेश व जय तिरुपति बालाजी के उदघोष करते रहे। इस दौरान अर्चकों ने गोष्ठी प्रसाद का वितरण भी किया। अग्रोहा रोड पर टोल प्लाजा के पास स्थापित तिरुपति धाम में झूला उत्सव के लिए पधारे श्रद्धालुओं ने धाम में स्थापित श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता, श्री गरुड़, लक्ष्मी नृसिंह, श्री सुदर्शन, श्री रामानुज स्वामी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान के मंदिर में दर्शन करके आराधना की और मन्नतें मांगी।

श्री तिरुपति बालाजी धाम में स्थापित 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम व श्री तिरुपति यज्ञशाला भी विशेष दर्शनीय रहे। यहां विशेष दिवसों व अवसरों पर विभिन्न आयोजन तो होते ही हैं, इसके साथ-साथ हर शुक्रवार को भगवान जी की सवारी भी निकाली जाती है। इन अवसरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ का कोई पारावार नहीं रहता है।

जिला कारागार में बहनों ने भाइयों को बांधी राखी

# रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है : संजीव कुमार

**जींद। एजेंसी**



सोमवार को जिला कारागार में महानिदेशक कारागार हरियाणा के दिशा-निदेर्शानुसार बंद बंदियों को उनकी बहनों द्वारा जेल प्रशासन के सहयोग से राखियां बांध कर रक्षाबंधन का त्यौहार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है। इस दिन बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखियां बांध कर उनके अच्छे भविष्य, लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं और भाई अपनी बहन की हर स्थिति में रक्षा करने का वचन देते हैं। महानिदेशक कारागार हरियाणा मोहम्मद अकिल के आदेशानुसार जिला जेल में बंद सभी पुरुष बंदियों को उनकी बहनों से व महिला बंदियों द्वारा बाहर से आए अपने भाइयों को राखियां बधंवाई गई। राखियों, रक्षा सूत्र व लड्डू मिठाई का प्रबंध भी जेल विभाग द्वारा किया गया।जेल प्रशासन जेल में बंद बंदियों के उज्जवल भचिष्य की कामना भी की। इस अवसर पर उप अधीक्षक बिरेंद्र, उप अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, व अन्य तमाम जेल स्टाफ मौजूद रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑल ओवर चैंपियन बना डीएवी पब्लिक स्कूल



**हरिद्वार।** जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव संजय चौहान ने बताया कि अंडर 14 जिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप 16 से 18 अगस्त तक सेंट मैरी स्कूल में खेली गई, जिसमें जिले के सभी स्कूलों बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोगों को खेलना चाहिए। खेलने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है और व्यक्ति स्वस्थ होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है और व्यक्ति निरोगी रहता है। इसीलिए सभी को कोई ना कोई खेल खेलना चाहिए। उन्होंने खेल के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेकों योजनाओं का जिक्र भी किया। उन्होंने कहाकि राज्य सरकार द्वारा खेल उदयीमान योजना मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना ने उत्तराखंड राज्य में खेलों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हीली ने टी20 विश्व कप के आयोजन पर कहा- वहां खेलना मुश्किल



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने कहा कि उन्हें बांग्लादेश में आईसीसी टी 20 विश्व कप खेलना मुश्किल लग रहा है, क्योंकि देश हिंसा के बाद के परिणामों और संकटों के मुश्किल दौर से गुजर रहा है, जिसके कारण कई मौतें हुईं और सरकार का तख्ता पलट हो गया। इस साल यह टूनार्मेंट 3 से 20 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा टूर्नामेंट के लिए वैकल्पिक स्थल पर निर्णय लिए जाने की उम्मीद है, जिसमें यूएई को पसंदीदा माना जा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में भारत में टूर्नामेंट आयोजित करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। विकल्पों में श्रीलंका और जिम्बाब्वे के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से हीली ने कहा मुझे इस समय वहां क्रिकेट इवेंट होते हुए और एक ऐसे देश से संसाधन छीनते हुए देखना मुश्किल लगता है जो संघर्ष कर रहा है। उन्हें मरने वाले लोगों की मदद करने के लिए हर संभव व्यक्ति की आवश्यकता है।

### अनिल कुमार ने एआईएफएफ के नए महासचिव के रूप में कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को महासचिव के रूप में अनिल कुमार का स्वागत किया। फुटबॉल हाउस में एआईएफएफ कोषाध्यक्ष किपा अजय और उप महासचिव एम सत्यनारायण ने उनका स्वागत किया। अनिल कुमार ने एक बयान में कहा मुझे पता है कि यह एक बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है। मैं काफी लंबे समय से केरल फुटबॉल एसोसिएशन के साथ काम कर रहा हूं और विभिन्न विभागों को समझता हूं। निश्चित रूप से, हम आने वाले दिनों में खेल को आगे ले जाने के लिए सदस्य संघों और भारतीय फुटबॉल के अन्य हितधारकों के साथ एक टीम के रूप में मिलकर काम करेंगे। उन्होंने शाजी प्रभाकरन से कार्यभार संभाला है, जो पिछले साल नवंबर में पद से हटाए जाने से पहले एआईएफएफ के महासचिव के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने कहा प्राथमिकता हमेशा सभी क्षेत्रों में सुधार करने की होती है, जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष डिवीजन तक। हम क्लब मालिकों और निवेशकों के साथ बैठकर योजना बनाएंगे।

# द. अफ्रीका के खिलाफ टी20 के लिए रसेल, होल्डर और जोसेफ को आराम



**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए वेस्टइंडीज की टीम-**
रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेस (उप-कप्तान), एलिक अथानाजे, फैबियन एलन, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ओबेद मैककॉय, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**नई दिल्ली। एजेंसी**

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए टीम घोषित कर दी है। हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल सीरीज से बाहर रहेंगे, क्योंकि उन्होंने आराम और रिकवरी के लिए कुछ समय मांगा है। 36 वर्षीय रसेल जून में अपने घरेलू विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज की सुपर आठ तक की दौड़ का हिस्सा थे और हाल ही में द हंड्रेड टीम लंदन स्पिरिट के लिए खेले थे। रसेल और जेसन होल्डर, जिन्हें टी20आई के लिए भी आराम दिया गया है, सीडब्ल्यूआई विज्ञान और चिकित्सा टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। अल्जारी जोसेफ, जो टी20 विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज के उप-कप्तान थे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे, वे भी आराम करना जारी रखेंगे।

सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग भी इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह जून में इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज के सुपर आठ मैच के दौरान लगी साइड स्ट्रेन से उबर रहे हैं।

किंग ने तब से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है। उनकी अनुपस्थिति में, शाई होप जॉनसन चार्ल्स के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत कर सकते हैं, जबकि रूकी एलिक अथानाजे भी शीर्ष पर काम कर सकते हैं। वेस्टइंडीज के व्हाइट-बॉल कोच डैरेन सैमी ने सीडब्ल्यूआई के एक बयान में कहा दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम का सामना करना हमारी टीम के लिए अपने खेल की योजना को फिर से बनाने और उस पर ध्यान केंद्रित करने का एक शानदार अवसर है। हमने हाल ही में उनके साथ खेला है और मिश्रित परिणाम मिले हैं, इसलिए यह एक रोमांचक और महत्वपूर्ण श्रृंखला होनी चाहिए। मुझे हमारे द्वारा चुनी गई टीम पर भरोसा है, और 2026 में अगले टी20 विश्व कप पर नजर रखने के साथ, मुझे पता है कि खिलाड़ी सफलता के लिए अपनी भूख दिखाने के लिए उत्सुक होंगे।

## यान सोमर ने 94 खेलों के बाद राष्ट्रीय-टीम से लिया संन्यास



**ज्यूरिख। एजेंसी**

स्विट्जरलैंड के नंबर 1 गोलकीपर के रूप में एक दशक तक रहने के बाद, यान सोमर ने इंटर मिलान के लिए खेलने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 35 साल की उम्र में सोमवार को राष्ट्रीय टीम से संन्यास ले लिया। स्विस फुटबॉल महासंघ द्वारा घोषित सोमर के फैसले से बोरूसिया डॉर्टमुंड के ग्रेगोर कोबेल को पहली पसंद के कीपर के रूप में आगे बढ़ने की संभावना है। 2012 में पदार्पण के बाद सोमर ने स्विट्जरलैंड के साथ तीन विश्व कप और तीन यूरोपीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया है। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी मैच जर्मनी के खिलाफ पिछले महीने यूरो 2024 क्वार्टर फाइनल में खेला था, जो 1-1 से ड्रा हुआ था, जिसके बाद इंग्लैंड पेनल्टी शूटआउट में जीत गया था। राष्ट्रीय टीम के लिए सोमर का सबसे अच्छा क्षण यूरो 2020 में 16 के राउंड में 3-3 से ड्रा के बाद फ्रांस के खिलाफ शूटआउट जीत हासिल करने के लिए किलियन म्बाप्पे की पेनल्टी को बचाना था। सोमर ने इंटर को इटली में अपने पहले सीजन में सीरी ए जीतने में मदद की, और जर्मनी में बायर्न म्यूनिख के साथ और स्विट्जरलैंड में बेसल के साथ चार बार लीग खिताब भी जीते। स्विट्जरलैंड को अपना अगला मुकाबला 5 और 8 सितंबर को यूईएफए नेशंस लीग के शीर्ष स्तरीय ग्रुप में डेनमार्क और यूरो 2024 चैंपियन स्पेन के खिलाफ खेलना है।

## हितेश चौहान और अर्जुन पंडित बने उपविजेता




**मोहाली। एजेंसी**

राउंडग्लास टेनिस अकादमी (आरजीटीए) की डबल्स जोड़ी हितेश चौहान और अर्जुन पंडित ने हाल ही में मिस्र के डकाहलिया में खेले गए आईटीएफ जे100 टेनिस टूनार्मेंट में उपविजेता बने। यह इस जोड़ी का लगातार दूसरा उपविजेता के तौर पर फिनिश है, इससे पहले उन्होंने पिछले हफ्ते काहिरा में हुए आईटीएफ जे100 टूनार्मेंट में भी दूसरा स्थान प्राप्त किया था। चौथी वरीयता प्राप्त हितेश और अर्जुन को फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त रूसी जोड़ी दिमित्री बर्टसेव और इलिया माटलसेव से सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने मिस्र के करीम माब्रुक और आयद रेदा एज्जत को टाई-ब्रेकर में 6-7, 6-4, 10-8 से हराया। क्वार्टरफाइनल में भी जोड़ी को टाई-ब्रेकर में संघर्ष करना पड़ा, जहां उन्होंने मोरक्को के अमीन जामजी और अली मिस्सौम को 6-4, 2-6, 10-2 से मात दी। दूसरे दौर में, उन्होंने यमन के हमूद ऐयाद और मिस्र के यासिन नसीम को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से हराया।

## बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले पाक को झटका, आमिर जमाल चोटिल

**नई दिल्ली। एजेंसी**

बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से ठीक पहले पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज आमिर जमाल को फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है, जिससे इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए पाकिस्तान की लाइनअप पर असर पड़ सकता है। जमाल, जिन्हें इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलते समय पीठ में चोट लगी थी, को शुरू में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में फिटनेस



मंजूरी मिलने तक शामिल किया गया था। 28 वर्षीय खिलाड़ी अपनी पीठ की समस्या से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उन्हें पुनर्वास के लिए लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी भेजा गया है। जमाल के जाने के साथ, बुधवार से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम अब सिर्फ 14 खिलाड़ियों की रह गई है। इससे पहले सप्ताहांत में स्पिनर अबरार अहमद और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कामरान गुलाम को भी टीम से बाहर कर दिया गया था। पाकिस्तान बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में पूरी तरह से तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगा, जिसका नेतृत्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और वापसी कर रहे नसीम शाह करेंगे। तेज गेंदबाजी लाइनअप में खुर्रम शहजाद और मीर हमजा भी शामिल होंगे। साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने प्रभावशाली पदार्पण के बाद जमाल से अंतिम एकादश में जगह बनाने की उम्मीद थी।

# नेशनल रैसलिंग चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता नितेश का स्वागत, अब तक 21 पदक जीते



**सोनीपत। एजेंसी**

रोहतक में आयोजित सीनियर नेशनल रैसलिंग चैंपियनशिप अंडर 23 में नितेश ने 97 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता का सोमवार को खरखौदा के प्रताप स्कूल परिसर में स्वागत किया गया है। नितेश के कोच गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओम प्रकाश दहिया ने बताया कि नितेश इससे पहले 4 बार इंटरनेशनल लेवल पर व 17 बार नेशनल लेवल पर पदक प्राप्त कर भारतवर्ष व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है।

नितेश भविष्य में ओलंपिक में भी पदक प्राप्त कर भारत वर्ष का नाम रोशन करेगा। द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओमप्रकाश दहिया, स्कूल संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्राचार्य दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर सुबोध दहिया, रेसलिंग कोच संदीप, प्रदीप व अंकित मलिक ने स्वागत किया। सभी ने नितेश को पदक जीतने पर बधाई दी तथा भविष्य में भी ओलंपिक में भी पदक जीतने का आशीर्वाद दिया। नितेश ने बताया कि वह गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओम प्रकाश दहिया की देखरेख में कुश्ती का अभ्यास करता है और सारी उपलब्धि इनके मार्गदर्शन में मिली है। ओम प्रकाश दहिया के कुशल मार्गदर्शन में प्राप्त की है। नितेश ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता, गुरु व स्कूल प्रबंधन समिति को दिया।

## टीम विस्मा के डेनिश साइकिलिस्ट जोनास विंगेगार्ड ने टूर डी पोलोन जीता



**वारसॉ। एजेंसी**

टीम विस्मा के डेनिश साइकिलिस्ट जोनास विंगेगार्ड ने रविवार को पोलैंड के क्राको में 81वें टूर डी पोलोन जीत ली है। विएलिक्जका से क्राको तक 142 किलोमीटर तक फैला अंतिम चरण पेलोटन फिनिश के साथ समाप्त हुआ, जिसमें डचमैन ओलाव कूइज (विस्मा-लीज ए बाइक) ने स्टेज जीत हासिल की। कूइज ने बेल्जियम के टिम मेर्लियर (सौडल क्विक-स्टेप) और गेरबेन थिजसेन (इंटरमार्चे-वांटी) को पछाड़कर टूर डी पोलोन में अपनी चौथी स्टेज जीत हासिल की, और प्रूडनिक में अपनी पिछली सफलता के बाद इस साल के संस्करण में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। अंतिम दिन विंगेगार्ड ने सामान्य वर्गीकरण में इटली के डिएगो उलिसी पर 13 सेकंड की बढ़त हासिल की। रविवार की दौड़ बिना किसी बड़े आश्चर्य के हुई, क्योंकि चार साइकिल चालकों ने ब्रेकअवे की शुरूआत की, लेकिन फिनिश से तीन किलोमीटर पहले पेलोटन द्वारा उन्हें पीछे कर दिया गया। विंगगार्ड ने आराम से पेलोटन के भीतर फिनिश लाइन पार की, जिससे सामान्य वर्गीकरण में उनकी समग्र जीत सुनिश्चित हुई। इटली के डिएगो उलिसी (यूएई टीम एमिरेट्स) और उनके डच साथी विल्को केल्डरमैन पोडियम पर विंगेगार्ड के साथ शामिल हुए।

## वाणिज्य

# उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में मामूली तेजी, फिसले सेंसेक्स और निफ्टी



**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को शुरूआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बीपीसीएल, ओएनजीसी, श्रीराम फाइनेंस और एलटी माइंडट्री के शेयर 2.84 प्रतिशत से लेकर 1.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, अपोलो हॉस्पिटल, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और एक्सिस बैंक के शेयर 1.69 प्रतिशत से लेकर 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,173 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,784 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 389 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 13 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा की



**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की समीक्षा बैठक की। निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पीएसबी प्रमुखों के साथ वित्त मंत्रालय के सचिव और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की विभिन्न मापदंडों पर समीक्षा की गई। मंत्रालय के मुताबिक बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव डॉ. विवेक जोशी के साथ-साथ नए सचिव एम. नागराजू के अलावा वित्तीय सेवा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में पेट्रोल का भाव 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष?ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.15 डॉलर यानी 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 79.53 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशिया में भी तेजी का रुख



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से सोमवार को मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करते रहे, लेकिन आखिरी घंटे में हुई बिकवाली के कारण मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर मजबूती नजर आ रही है। ब्याज दरों में कमी होने की उम्मीद की वजह से पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,554.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,631.72 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 40,640.69 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद अंत में हुई बिकवाली की वजह से मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### चित्तौड़गढ़ जिले में थाना चंदेरिया पुलिस की कार्रवाई

● चोरी के सन्देह में मारपीट कर हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार




**चमकता राजस्थान। जयपुर/चित्तौड़गढ़, (खलील कुरैशी)!** 19 अगस्त। झांतला माता में दर्शन करने आये दो व्यक्तियों को चोर समझ चोरी की शंका पर मारपीट कर एक अधेड़ की हत्या करने के मामले में चंदेरिया थाना पुलिस ने दो आरोपियों कश्मोर थाना चंदेरिया निवासी सत्यनारायण उर्फ सत्तु लाल सेन (25) पुत्र मोहन लाल एवं झांतला माता थाना चन्देरिया निवासी राजु लाल गुर्जर पुत्र भेरू लाल (37) को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि गत 08 अगस्त को पुलिस थाना चंदेरिया पर सूचना मिली कि कश्मोर गॉव के पास सराय में दो आदमी बेहोश हालत में पडे है। पुलिस जाप्ता द्वारा मौके पर पहुंच दोनो को सांवलियाजी हॉस्पिटल में पहुंचाया। जहां पर एक सिंहपुर थाना कपासन निवासी शंकर लाल पुत्र शांति लाल खटीक (50) को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घायल व्यक्ति नेतावल महाराज थाना चंदेरिया निवासी राकेश नायक पुत्र मिठु लाल की सूचना पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मारपीट व हत्या का मुकदमा चंदेरिया थाने पर दर्ज किया गया मामले की गंभीरता तथा कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुये एएसपी चित्तौड़गढ़ परबत सिह के निर्देशन व डीएसपी चित्तौड़गढ़ ग्रामीण शिवप्रकाश के सुपरवीजन मे थानाधिकारी चदेरिया धर्मराज मीना के नेतृत्व मे अलग-अलग टीमे गठित कर प्रकरण मे संदिग्ध लोगो के बारे मे जानकारी एकत्रित की गई। घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किये गये। संदिग्ध लोगो के मोबाईल की कॉल डिटेल प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं गहन अनुसंधान करते हुए आरोपियों की पहचान कर नामजद किये गये। सन्दिग्ध सत्यनारायण उर्फ सत्तु लाल सेन एवं राजु लाल गुर्जर को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफतार किया गया। प्रकरण मे टीम गठित कर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

● **पुलिस द्वारा गठित टीम :-**

थानाधिकारी चदेरिया धर्मराज मीना, एएसआई श्याम लाल, देवेन्द्र सिह, प्रभुलाल, सुरेन्द्र सिह, साइबर सेल के हैड कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल गणपत, चंदेरिया थाने के कांस्टेबल अरविद, रवि,महेन्द्र, अशोक, बहादुर व भागीरथ।

### 21 अगस्त भारत बंद को लेकर शाहपुरा विधानसभा के एससी-एसटी वर्ग से जुड़े सामाजिक संगठनों ने की बैठक

● सुव्यवस्थित रणनीति के तहत सभी बिंदुओं पर हुई मुखर रूप से सकारात्मक वार्तालाप



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा!(खलील कुरैशी)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के आरक्षण में उप वर्गीकरण तथा क्रिमिलेयर के प्रावधान के निर्णय के विरुद्ध अनुसूचित जाति व जनजाति संगठनों द्वारा घोषित राष्ट्रव्यापी भारत बंद के समर्थन में सोमवार शाम शाहपुरा के डाक बगंला परिसर में बैठक आयोजित हुई।इस मौके पर सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में 21 अगस्त को भारत बंद के सफल संचालन को लेकर विचार विमर्श किया।रैली प्रातः 9.00 बजे से शाहपुरा चोपड से मुख्य मार्गो से होकर एसडीएम कार्यालय पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर समापन होगी।वहीं विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा के कस्बों के समस्त व्यापार मंडलों से समर्थन प्राप्त कर सफल बनाने हेतु संघर्ष समिति का गठन किया गया।जिसमें उपस्थित सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर वक्ताओं ने बताया कि सभी समाज बंधुओं ने सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय एवं केंद्र सरकार की दुर्भावना के विरुद्ध हो रहे भारत बंद का समर्थन किया। सभी ने अधिक से अधिक आरक्षित वर्ग के लोगो को इस आंदोलन में भाग लेने हेतु अपील की।

---

कांग्रेस के विधायक की गिरफ्तारी, एक राजनीतिक षड्यंत्र

# चिकित्सा मंत्री स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने अचानक पहुंचे एसएमएस एवं सेटेलाइट अस्पताल

चमकता राजस्थान

**जयपुर, (खलील कुरैशी)** । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर कोलकाता रेजीडेंट प्रकरण के कारण चिकित्सकों के कार्य बहिष्कार के दृष्टिगत स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने रविवार सुबह अचानक जयपुर के एसएमएन अस्पताल एवं सेटी कॉलोनी स्थित राजकीय नेटेलाइट अस्पताल पहुंचे। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं, आईपीडो एवं ओपीडी में निरीक्षण कर चिकित्स सेबाजों की स्थिति देखी और चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खींवसर प्रातः करीब 8.30 बजे सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले आपातकालीन इकाई में गहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का जागजा लिया। उन्होंने यहां रोगियों से बात कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली तथा चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को निर्देश दिए कि



अस्पताल में आ रहे रोगियों को तत्काल उपचार उपलब्ध करवाया जाए। किसी भी मरीज को जांच एवं उपचार लेने में तकलीफ का सामना नहीं करना पड़े। चिकित्सा मंत्री ने जनरल वार्ड में जाकर आईपीडी सेवाओं का भी निरीक्षण किया। वे रोगियों से मिले और उनसे पूछा कि चिकित्सकों के कार्य बहिष्कार के कारण उन्हें उपचार लेने में किसी तरह की कठिनाई तो नहीं है। रोगियों ने बताया कि उन्हें शनिवार को चिकित्सकों की हड़ताल के दौरान भी समुचित जांच एवं उपचार की सुविधा मिली। चिकित्सा मंत्री ने रजिस्ट्रेशन काउंटर एवं अन्य चिकित्सा सुविधाओं का भी जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान सवाई मानसिंह अस्पताल में आपातकालीन इकाई, वाईस, आईसीयू सहित अन्य स्थानों पर स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू पाई गईं। इसके बाद चिकित्सा मंत्री सेठी कॉलोनी स्थित राजकीय सेटेलाइट अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने यहा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति देखी और रोगियों से बातचीत की। साथ ही, ओपीडी एवं आईपीडी रोवाओं का भो अवलोकन किए। यहां भी सभी सेवाएं सुचारू पाई गई। इस दौरान मीडिया से बातचीत में चिकित्सा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं सुगमतापूर्वक उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोलकाता में महिला रेजीडेंट चिकित्सक के साथ हुई घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके चलते देशभर में चिकित्सक समुदाय में रोष व्याप्त है और कार्य बहिष्कार को स्थिति उत्पन्न हुई है, लेकिन प्रदेश में सभी जिलों में वैकल्पिक व्यवरथाएं सुनिश्चित कर रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। खींवसर ने बताया कि कार्य बहिष्कार की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों के अवकाश निरस्त कर दिए गाए थे। वैकल्पिक व्यवस्थाओं के तहत चिकित्सकों की आपातकालीन इकाई,आईपीडी आदि में रोटेशन के आधार 24 घंटे उपस्थिति सुनिश्चित को गई। कंट्रोल रूम स्थापित किया तथा हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई। इसके चलते किसी भी स्थान पर चिकित्सा सेवाओं को लेकर अप्रिग स्थिति पैदा नहीं हुई है। ओपीडी, आपातकालीन सेवाओं एवं आईपीडी में रोगियों की समुचित उपचार मिल रहा है। श्रो खींवसर ने कार्य बहिष्कार कर रहे चिकित्सकों से अपील की है कि प्रकरण को लेकर उनका विरोध राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के संज्ञान में है और इस दिशा में उचित कार्यवाही के प्रयास किए जा रहे है।प्रदेश के अस्पताल में चिकित्सकों की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आमजन एवं रोगियों के हित में चिकित्सक तत्काल काम पर लौटें और जीवन रक्षा का दायित्व निभाएं। उन्होंने अस्पतालों में रोगियों के उपचार में जुटे चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

### ये चिकित्सकगण रहे मौजूद

» चिकित्सा मंत्रो के निरीक्षण के दौरान सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ दोपक माहेश्वरी, राजकीय स्टेलाइट अस्पताल के अधीक्षक डॉ. गीर्वधन मीणा, एसएमएस अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. गिरधर गोयल सहित अन्य विकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## बड़नगर की बेटियों ने पेड़ों को रक्षा सूत्र बांध हरित बड़नगर - पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



चमकता राजस्थान

**बड़नगर।** हरित बड़नगर घर-घर पौधरोपण अभियान संयोजक एवं पर्यावरणविद् जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में विगत 75 दिनों से चल रहा हरित बड़नगर घर-घर पौधरोपण अभियान के तहत गांव की बेटियों ने रक्षाबंधन के पुनीत त्योहार पर पेड़ों के राखी बांधकर , शपथ लेकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर घर-घर पौधारोपण किया गया । सुखाड़ बाढ विश्व जन आयोग सदस्य एवं पानी किसानी जवानी संवेदना यात्रा संयोजक दीप सिंह शेखावत ने राखी के त्योहार पर की बेटियों को प्रोत्साहित करके पेड़ों के रक्षा सूत्र बंधवाकर, पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाकर 500 पौधों का रोपण करवाया वरिष्ठ अध्यापक रणधीर सिंह शेखावत एवं मोहनलाल मीणा अध्यापक ने कहा कि पानी किसानी जवानी संवेदना यात्रा गांव, ढाणी, मोहल्ले, गली, स्कूल, मंदिर अस्पताल एवं घर-घर जाकर वृक्षारोपण करके देश एवं प्रदेश में एक अनोखी मुहिम चलाकर गांव को हरियाली युक्त प्रदूषण मुक्त करने का अभियान प्रयास परिश्रम युद्ध स्तर पर जारी है ।वार्ड पंच दिनेश सोनी एवं ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुम्हार एवं युवा नेता जीतू सिंह ने सभी घरों , ढाणीयों में जाकर पौधों का रोपण एवं वितरण करवाते हुए राखी का त्यौहार मनाते हुए कहा कि पानी एवं पेड़ का संरक्षण करने का समय आ गया है वृक्षारोपण यात्रा कार्यक्रम में भावना खुशी शिवनंदनी पूनम , परी, प्रिया , मानवी, निदेशक राजेंद्र स्वामी, उप सरपंच सुगाराम यादव, मालीराम स्वामी हवलदार, दिनेश गिल्या, सुरेश यादव, भगवान सहाय यादव, महादेव यादव, घनश्याम टांक मूलचंद गठाला, पुजारी गुड्डू शर्मा, हंसराज बसवाल, महावीर सिंह बाबू सिंह रोहितास यादव सहित युवा टीम एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे ।

---

### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने-टाइगर हमले में घायलों को मुआवजा के संबंध में उठायीं मांग

● जूली ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा- दो मंत्री अलवर से, फिर मदद में देरी क्यों हो रही



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** 4 दिन बाद भी सरिस्का से निकलकर हरियाणा के बावल के पास जंगल में पहुंचे टाइगर स्त्र-2303 को ट्रैकुलाइज नहीं किया जा सका। जिसके कारण आसपास के गांवों में दहशत है। सात महीने पहले भी टाइगर ने चार जनों को घायल किया था। अब भी चार जनों पर हमला कर चुका है। घायलों से मिलने सोमवार को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जिला अस्पतालपहुंचे। यहां घायलों की मांग को दोहराते हुए कहा कि सरकार को मुआवजा देना चाहिए। असल में गांवों में टाइगर के आने के बाद वनकर्मी खुद ग्रामीणों को मदद के लिए लेकर जाते हैं। अब उन पर टाइगर का हमला हो गया तो सरकार मुआवजा देने में पीछे हट रही है।बोले- वन मंत्री से बात करूंगा

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि टाइगर जंगल से बाहर है। सरिस्का के जंगल में साल 2004 में टाइगर खत्म हो गए थे। गहलोत सरकार के समय जंगलों में अच्छी मॉनिटरिंग किए जाने से टाइगर की संख्या बढ़ी है। अब टाइगर ने जंगल से निकल कर हमला कर दिया। सरकार ने पीड़ितों को कोई मुआवजा नहीं दिया गया। जबकि ग्रामीण वनकर्मियों के सहयोग के लिए आगे आए थे। खुद वनकर्मी ग्रामीणों को मदद के लिए बुलाते हैं। अब घायल होने पर उनकी सुध नहीं ली जा रही। इस मामले में जूली ने कहा कि वे खुद भी वन मंत्री से बात करेंगे। जूली नेकहा कि केंद्र व राज्य सरकार के दोनों वन मंत्री अलवर से हैं। भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों। इसके लिए विशेष प्रबंध करने की जरूरत है।सरिस्का दोबारा आबाद हुआ है। यहां आने वाला भविष्य अच्छा है। जिससे रोजगार खड़े हो सकते हैं। सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। बार-बार टाइगर के हमले होंगे तो आमजन में दहशत बढ़ेगी। सरकार को जनता की मदद करने के लिए खड़े रहना चाहिए।

---

जयपुर में आयोजित हो रहा है भाजपा का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

# राजस्थान में एक करोड़ नए सदस्य बनाएगी भाजपा हर बूथ पर 200 नए मेंबर का टारगेट, लोकसभा में 31 बूथ पर जीरो वोट मिले थे

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)लोकसभा चुनावों में 11 सीटों पर हारने के बाद भाजपा अपनी कमियों को दूर करने की कोशिशों में जुट गई है। चुनाव में पार्टी की हार की बड़ी वजहों में एक बूथ पर कमजोर पकड़ भी थी। इससे सबक लेते हुए अब पार्टी ने बूथ पर नए सदस्यों को जोड़ने का प्लान बनाया है। इसके लिए हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में 52 हजार बूथ हैं।इसके लिए पार्टी सदस्यता अभियान चलाएगी। इस अभियान से 1 करोड़ नए सदस्य बनाने का टारगेट रखा गया है। जानकारों की मानें तो यह टारगेट



हासिल कर पाना भाजपा के लिए काफी चुनौती भरा होगा, क्योंकि राजस्थान में लोकसभा चुनावों में करीब 5 करोड़ वोटर थे। इस हिसाब से उसे 20त्र ऐसे वोटर्स को पार्टी से जोड़ना होगा, जो अभी पार्टी के सदस्य नहीं हैं।

प्रदेश में 31 बूथों पर बीजेपी को मिले थे जीरो वोट लोकसभा चुनावों में राजस्थान की 25 में से 4 सीटों के 31 बूथ पर बीजेपी को जीरो वोट मिले थे। इन बूथों पर बीजेपी के बूथ अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी अपनी पार्टी को वोट नहीं दिया। प्रदेश के करीब 52भाजपा हजार पोलिंग बूथ के आंकड़े खंगालने के बाद ये चौंकाने वाला तथ्य सामने आया था।ये बूथ सीकर, झुंझुनूं, जयपुर शहर और बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र के थे। जयपुर शहर को छोड़ दें तो बाकी तीन सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अब पार्टी नए सिरे से सदस्यों को पार्टी के साथ जोड़कर बूथ को मजबूत करने की कोशिश कर रही है।सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशालाबीजेपी के इस सदस्यता अभियान के लिए मंगलवार को जयपुर में एक कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय पदाधिकारियों से लेकर जिला सदस्यताटीमें मौजूद रहेगी। सदस्यता अभियान के लिए प्रत्येक बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर और शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। वैशाली नगर स्थित खण्डेलवाल गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी संस्थान के सभागार में आयोजित होने वाली कार्यशाला में बीजेपी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, भाजपा के मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष, महामंत्री, प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सह- संयोजक, जिला प्रभारी एवं सह-प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिलों की सदस्यता टीम, महापौर-उपमहापौर, जिलों से प्रधान-उप प्रधान के साथ बोर्ड व आयोगों के अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929